
दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-246 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 12 नवम्बर 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना



सुख बाहर से मिलने की चीज नहीं, मगर अहंकार छोड़े बगैर इसकी प्राप्ति भी होने वाली नहीं। अन्य से पृथक रखने का प्रयास करें।

स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश के 9 शहरों को राष्ट्रीय सम्मान

देश में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने वाला राज्य बना मध्यप्रदेश

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने दिल्ली में इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, देवास, बुदनी और देपालपुर को किया सम्मानित



भोपाल,(आरएनएस)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में मध्यप्रदेश ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष प्रदेश के 9 शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह देश के किसी भी राज्य के लिए सम्मानित होने वाले नगरीय निकायों की सर्वाधिक संख्या है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, देवास, बुदनी और देपालपुर को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, आयुक्त संकेत भोंडवे, मिशन संचालक शिशिर गेमावत सहित नगर निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नवाचार और सतत प्रबंधन का नया मॉडल बना 'स्वच्छ शहर जोड़ी'

इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश की सफलता का दायरा केवल बड़े महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छोटे एवं मध्यम शहरों ने भी राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 'स्वच्छ शहर जोड़ी' (मेंटर-मेंटी) मॉडल नवाचार की एक मिसाल बनकर उभरा है। इंदौर (मेंटर) एवं देपालपुर (मेंटी) की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता में लगातार 9वीं बार राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने वाले इंदौर ने मेंटर और देपालपुर ने मेंटी के रूप में कार्य किया। इंदौर के मार्गदर्शन में देपालपुर ने 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, चार श्रेणियों में स्रोत पृथक्करण और लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक उपचार कर भूमि को पुन: उपयोग योग्य बनाने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रक्रिया से बहुमूल्य भूमि को अतिक्रमण और प्रदूषण से मुक्त कराया गया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हुए प्रदेश के शहर

इंदौर (स्वच्छ शहर जोड़ी - मेंटर, रैंक-2): लगातार नौवें स्वच्छ सर्वेक्षण चक्र में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर इंदौर ने देश में स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता कायम रखी है। इंदौर ने 'स्वच्छ वार्ड रैंकिंग' अभियान के माध्यम से वार्ड स्तर पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित की तथा 29 प्रमुख बाजारों को 'जीरो वेस्ट मार्केट' के रूप में विकसित किया। इसके अलावा 15 R R R केंद्र, IoT आधारित टॉयलेट मॉनिटरिंग, बायो-C N G संयंत्र की क्षमता विस्तार और ग्रीन वेस्ट पेलेट प्लांट जैसे नवाचारों से शहर ने स्वच्छता प्रबंधन के नए मानक स्थापित किए हैं।देपालपुर (स्वच्छ शहर जोड़ी - मेंटी, रैंक-2): इंदौर के कुशल मार्गदर्शन में देपालपुर ने छोटे नगरीय निकायों के लिए क्षमता हस्तांतरण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। निकाय ने शत-प्रतिशत घर-घर कचरा संग्रहण, चार प्रकार के स्रोत पृथक्करण को धरातल पर उतारा और लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक उपचार कर बहुमूल्य भूमि को अतिक्रमण एवं प्रदूषण से मुक्त कराया।जबलपुर (स्वच्छ शहर रैंक-2, 10 लाख से अधिक जनसंख्या वर्ग): जबलपुर ने संस्थागत स्वच्छता प्रबंधन और वेस्ट-टू-एनर्जी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। नगर निगम द्वारा 11.5 मेगावाट क्षमता वाला वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट पूर्ण क्षमता से संचालित किया जा रहा है। 'बैकलेन से बेस्टलेन' अभियान के तहत 150 से अधिक पिछली गलियों का कायाकल्प किया गया है।

महंगाई का डबल अटैक! मदर डेयरी के बाद अब अमूल ने भी बढ़ाए दूध के दाम, नई दरें आज से होंगी लागू



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की प्रमुख डेयरी कंपनी 'अमूल' ने ताजा दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) ने बताया कि 12 नवंबर 2026 से देशभर में अमूल के प्रमुख दूध उत्पादों की कीमतों में लगभग 4 से 5 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी।फेडरेशन के अनुसार, सबसे अधिक बिकने वाले अमूल ताजा टोंड दूध (3 प्रतिशत फैट) की कीमत में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है, जो लगभग 3.3 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं अमूल गोल्ड दूध (6 प्रतिशत फैट) के दाम 4 रुपए प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं, जो करीब 5.5 प्रतिशत की वृद्धि है। अमूल ने कहा कि दूध उत्पादन और प्रोसेसिंग की लागत में लगातार बढ़ोतरी के कारण कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया है।कंपनी के मुताबिक, पिछले एक वर्ष में हरे और सूखे चारे, पशु आहार में इस्तेमाल होने वाले तेल खली (ऑयल केक), मक्का, शीरा (मोलासेस), दूध पैकेजिंग फिल्म और ईंधन की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अमूल ने बताया कि गुजरात सहित देश के कई हिस्सों में कम और असमान बारिश के कारण डेयरी किसानों को मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट, अब बाबा ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में देंगे दर्शन



केदारनाथ, (आरएनएस)। भाईदूज के पावन पर्व पर बुधवार सुबह 8:30 बजे पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए विधिवत बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के इस पावन और ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु कड़ाके की ठंड के बावजूद केदारपुरी पहुंचे हुए थे। कपाट बंद होने के तुरंत बाद सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों और 'जय बाबा केदार' के गगनभेदी जयकारों के बीच बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ के लिए रवाना हो गई। अब आगामी छह महीनों तक भक्त उखीमठ में ही बाबा केदार के दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकेंगे।केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी गंगाधर लिंग महाराज ने बताया कि कपाट बंद करने की धार्मिक प्रक्रिया बुधवार तड़के ब्रह्म मुहूर्त से ही शुरू कर दी गई थी। सुबह सबसे पहले स्वयंभू शिवलिंग का भव्य महाअभिषेक किया गया, जिसके बाद विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई और प्रभु को भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत परंपरा के अनुसार भगवान शिव को समाधि रूप देते हुए भस्म, पुष्प और सूखे पत्तों से ढक दिया गया। सभी वैदिक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद सुबह ठीक 8:30 बजे मंदिर के गर्भगृह और मुख्य सिंहद्वार को आगामी छह महीने के शीतकाल के लिए सील कर दिया गया।

व्यक्ति के कंधे पर बैठकर विधायक पार कर रहे थे नदी, संतुलन बिगड़ा तो पानी में धड़ाम से गिरे

पलामू,(आरएनएस)। झारखंड के पलामू जिले से राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के विधायक का एक अजीबोगरीब और विवादित वीडियो सामने आने के बाद सियासी गलियारों में तीखी बहस छिड़ गई है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक नरेश प्रसाद सिंह एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए गांव जा रहे थे, जहां रास्ते में पड़ने वाली नदी को पार करने के लिए वे खुद पानी में उतरने के बजाय एक ग्रामीण के कंधे पर सवार हो गए। नदी पार करते समय अचानक व्यक्ति का संतुलन बिगड़ गया और विधायक समेत उन्हें कंधे पर उठाने वाला शख्स दोनों पानी में धड़ाम से गिर पड़े। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक अन्य व्यक्ति विधायक का जूता हाथ में उठाकर ले जाता भी दिखाई दे रहा है, जिसे लेकर जनप्रतिनिधि के आचरण पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकी हमला, CRPF के जवानों पर फायरिंग; 3 घायल



श्रीनगर, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर दिनदहाड़े आतंकियों ने सीआरपीएफ के नाके पर हमला कर दिया। बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सुरक्षाकर्मियों पर अंधाधुंध फायरिंग की और फिर मौके से भाग गए। इस हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवान घायल हो गए। घायल जवानों को इलाज के लिए अनंतनाग जिले के जीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। सीआरपीएफ के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 2:15 बजे कुलगाम जिले में एक नाके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों पर अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोलीबारी शुरू कर दी। हमला इतना अचानक हुआ कि जवानों को संभलने का मौका नहीं मिला। हमलावर फायरिंग के बाद मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। यह सीआरपीएफ पार्टी पर हमला था और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, घायल जवानों की पहचान सीटी/जीडी राकेश दास, सीटी/जीडी संतोष चंद्रू और एचसी/जीडी सोमवीर सिंह के रूप में हुई है। राकेश दास असम के रहने वाले हैं। उनके पैर में गोली लगी है लेकिन उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। दूसरे घायल जवान संतोष चंद्रू पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। उनके पेट और रीढ़ की हड्डी में गोली लगी है। उन्हें तुरंत ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत फिलहाल गंभीर है। तीसरे घायल जवान एचसी/जीडी सोमवीर सिंह मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। उनके बाएं हाथ में गोली लगी है और उनकी हालत स्थिर है। शुरुआत में सूत्रों ने बताया था कि इस हमले में दो जवान घायल हुए हैं लेकिन बाद में आधिकारिक जानकारी में तीन जवानों के घायल होने की पुष्टि हुई।

कोलकाता एयरपोर्ट पर मुंबई जाने वाली फ्लाइट को हाईजैक की मिली धमकी, टॉयलेट में मिला नोट



कोलकाता,(आरएनएस)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की एक फ्लाइट को हाईजैक करने की धमकी मिली, जिससे तनाव पैदा हो गया। इसके बाद विमान की सघन तलाशी ली गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जब फ्लाइट टेक-ऑफ की तैयारी कर रही थी, तब पायलट को धमकी मिली और उसने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी सूचना दी। फ्लाइट को तुरंत आइसोलेशन बे (अलग जगह) में ले जाया गया और सुरक्षा कर्मियों ने विमान के अंदर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। हालांकि, अभी तक कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। इस मामले पर एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।सूत्रों के मुताबिक, मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की इस फ्लाइट में 92 यात्री सवार थे और यह टेक-ऑफ का इंतजार कर रही थी, तभी पायलट को धमकी के बारे में पता चला। शुरुआती जानकारी के अनुसार, फ्लाइट के टॉयलेट में एक नोट मिला था, जिसमें विमान को हाईजैक करने की चेतावनी दी गई थी। एटीसी के निर्देशों का पालन करते हुए पायलट ने विमान को आइसोलेशन बे में पहुंचा दिया। विमान में सवार यात्रियों को भी बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।



कन्नौज में भीषण सड़क हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवकों की मौत, एक घायल

कन्नौज,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि चारों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चौथा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक जब कचाटीपुर के पास से गुजर रही थी, तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।भीषण सड़क हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

शराब पीने से टोकने पर युवक ने दी जान, टंकी पर चढ़कर भाई के सामने लगाई छलांग; नीचे गिरते ही मौत



भोपाल, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के गुनगा गांव में शराब पीने से रोकना एक युवक को इतना नागवार गुजरा कि उसने गुस्से और आवेश में आकर अपनी जीवनलीला ही समाप्त कर ली। घर में परिजनों द्वारा शराब के सेवन को लेकर मना किए जाने के बाद 20 वर्षीय युवक अचानक गांव में स्थित ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे नीचे उतारने की भरसक कोशिश की, यहां तक कि उसका भाई भी उसे सुरक्षित बचाने के लिए खुद टंकी पर चढ़ गया। हालांकि, तमाम समझाइश और मिन्नतों को अनसुना करते हुए युवक ने भाई की आंखों के सामने ही टंकी से छलांग लगा दी। भारी ऊंचाई से जमीन पर गिरते ही गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

शराब के विवाद पर छोड़ा घर, गुस्से में पानी की टंकी पर चढ़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 20 वर्षीय शंकर अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, शंकर को शराब की लत थी और इसी बात को लेकर घर में अक्सर कहासुनी होती रहती थी। घटना वाले दिन भी परिजनों ने जब उसे शराब पीने से रोका और फटकार लगाई, तो वह तैश में आ गया। गुस्से से आगबबूला होकर वह घर से बाहर निकल गया और गांव के समीप बनी पानी की टंकी की सीढ़ियों से चढ़ते हुए सीधे ऊपर जा पहुंचा।

भाई करता रहा मिन्नतें, आंखों के सामने कूद गया युवक

शंकर को टंकी की मुंडेर पर खड़ा देखकर ग्रामीणों और परिजनों के होश उड़ गए। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और नीचे खड़े होकर हाथ जोड़ते हुए उससे नीचे उतरने की गुहार लगाने लगे। इसी दौरान हालात की गंभीरता को देखते हुए शंकर का भाई भी हिम्मत जुटाकर टंकी के ऊपर चढ़ गया। उसने पास पहुंचकर शंकर को समझाने और पकड़कर नीचे लाने की पूरी कोशिश की, लेकिन शंकर किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं हुआ। भाई की आंखों के सामने ही उसने एक पल में छलांग लगा दी। नीचे गिरते ही भारी आवाज हुई और मौके पर मौजूद परिजनों में चीख-पुकार और मातम पसर गया।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजनों के बयान दर्ज

घटना की सूचना मिलते ही गुनगा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मर्ग कायम कर घटना से जुड़े हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए हैं, तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी की जाएगी।

सोनिया गांधी के बयान पर भड़के अनिल विज, कहा- इटली के संविधान में विदेशी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते

चंडीगढ़, (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर प्रहार करते हुए कहा कि सोनिया गांधी बिल्कुल गलत कह रही है क्योंकि हम अपने देश में दूसरे देश के नागरिकों को वही अधिकार देते हैं जो हमारे नागरिकों को उनके देश में अधिकार दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इटली में उनके संविधान के सेक्शन 84 के तहत कोई भी गैर प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति नहीं बन सकता है। इसी प्रकार, हम भी सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बना सकते थे जबकि वह प्रधानमंत्री बनने के लिए तत्पर थी और इस कारण से उनको नहीं बनाया गया।

विज आज यहां चंडीगढ़ में सोनिया गांधी द्वारा लिखी गई किताब में कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद का त्याग किया है, के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब मीडिया कर्मियों को दे रहे थे। वर्ष 1984 में दंगों को लेकर सोनिया गांधी द्वारा किए हुए दुख के पूछे गए सवाल पर विज ने कहा कि यह ठीक है कि उन्होंने दुख जाहिर किया, लेकिन उनके पति राजीव गांधी ने कहा था कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है, तब उन्होंने अपने पति को क्यों नहीं समझाया और क्यों इतना कत्लेआम हुआ और अभी तक लोग उन जख्मों को लेकर घूम रहे हैं।

K&K

राजधानी समाचार





गुरुवार 12 नवम्बर 2026,नर्मदापुरम् (होशंगाबाद) दैनिक क्षितिज किरण 2

कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, निवेश और नवाचार को दिया जा रहा है बढ़ावा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती और उन्नत कृषि पद्धतियों पर विशेष जोर

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी, आधुनिक और रोजगारपरक बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने तथा खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीक, नवाचार और उन्नत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली मंडपम में निजी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित भारत एग्रीकल्चरल कॉन्क्लेव में सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का विशेष ध्यान प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर है। किसानों को परंपरागत खेती के साथ नई तकनीकों और लाभकारी कृषि गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।कृषि क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा रहा है। सिंगल विंडो सिस्टम से निवेशकों को विभिन्न विभागों की



आवश्यक अनुमतियां एक ही व्यवस्था के अंतर्गत उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार कर अधिक से अधिक कृषि भूमि को सिंचित क्षेत्र के दायरे में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराने के साथ कृषि अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। इससे उत्पादन में वृद्धि और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सरकार द्वारा महिला किसानों, युवाओं और प्रगतिशील किसानों को कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। कृषि को केवल परंपरागत व्यवसाय तक सीमित न रखते हुए इसे आधुनिक तकनीक, उद्यमिता और रोजगार से जोड़ने की दिशा में पहल की जा रही है। किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, बेहतर बीज, आधुनिक कृषि उपकरणों तथा फसल प्रबंधन की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे किसानों को बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन करने और बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। राज्य सरकार का लक्ष्य कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों की आय और जीवन स्तर में सुधार करना है। आधुनिक कृषि, निवेश, नवाचार और किसान-केंद्रित योजनाओं के समन्वय से मध्यप्रदेश को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. सुंदरलाल पटवा की जयंती पर दी पुष्पांजलि

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि स्व. पटवा का सार्वजनिक जीवन सेवा, दृढ़ संकल्प और कर्मठता की प्रेरणा देता है। मध्यप्रदेश के विकास में उनका योगदान और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी।मुख्यमंत्री निवास पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा से उनका व्यक्तिगत परिचय रहा। वे हमारे प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष भी रहे। एक कुशल संगठनकर्ता और प्रारंभिक दौर से ही विजय प्राप्त करने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी स्व. श्री पटवा का जीवन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

किसानों पर टिप्पणी को लेकर भाजपा सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग, किसान कांग्रेस ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश के रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा की किसानों को लेकर की गई टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद बढ़ता जा रहा है। मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बुधवार को राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद के बयान पर आपत्ति जताते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, सांसद पद से इस्तीफा लेने और भाजपा से निष्कासित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों के बारे में इस तरह की टिप्पणी से अन्नदाताओं की मेहनत और सम्मान को ठेस पहुंची है।किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा एक ओर किसान सम्मान निधि और किसान कल्याण वर्ष के माध्यम से किसानों के सम्मान की बात करती है, वहीं दूसरी ओर पार्टी के सांसद किसानों को नशेड़ी और गांजा पीने वाला बताने जैसी टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने इसे भाजपा के किसान सम्मान संबंधी दावों और उसके जनप्रतिनिधियों के बयानों के बीच विरोधाभास बताया।दरअसल, 9 नवंबर को मऊगंज जिले के रकरी गांव में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम के दौरान सांसद जनार्दन मिश्रा ने किसानों के कामकाज और उनकी दिनचर्या को लेकर टिप्पणी की थी। उनके कथन के अनुसार, किसान साल में तीन महीने खेतों में काम करते हैं और बाकी समय घर पर बैठकर चिलम, गांजा और शराब का सेवन करते हैं। इस टिप्पणी को लेकर किसान कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है।

धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि किसान भीषण गर्मी, ठंड और बारिश के बीच खेतों में मेहनत कर फसल तैयार करता है। कई बार रात के समय भी खेतों में सिंचाई और अन्य कृषि कार्य करने पड़ते हैं। ऐसे में किसानों के काम और जीवनशैली को लेकर इस तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेताओं की ओर से पहले भी किसान आंदोलनों के दौरान किसानों को लेकर आपत्तिजनक



टिप्पणियां की गई हैं।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज और सीएम मोहन यादव से मांगा जवाब

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी इस मामले में अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने सवाल किया कि किसानों के सम्मान से जुड़े इस मुद्दे पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व क्या कार्रवाई करेगा। चौहान ने कहा कि यदि भाजपा सांसद की टिप्पणी से सहमत नहीं है तो पार्टी को उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौहान ने बताया कि किसान कांग्रेस प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन कर रही है। तहसील स्तर पर पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए, वे अपने पद से इस्तीफा दें और भाजपा उन्हें पार्टी से निष्कासित करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान कांग्रेस अपना आंदोलन और व्यापक करेगी तथा मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी।

छोटे संभाग से राष्ट्रीय क्रिकेट के बड़े मंच तक शहडोल की उड़ान

रणजी ट्रॉफी में रोशन केवट, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपूर्व द्विवेदी का चयन

भोपाल (आरएनएस)। क्रिकेट के मैदान पर जब भी मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं की चर्चा होती है, शहडोल संभाग का नाम भी सम्मान के साथ लिया जाने लगा है। भौगोलिक दृष्टि से छोटा और शहडोल, अनूपपुर तथा उमरिया जैसे तीन जिलों वाला यह संभाग आज क्रिकेट के बड़े मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यहां की मिट्टी से निकले खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर प्रदेश की घरेलू क्रिकेट टीमों से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाई है। कभी सीमित संसाधनों के बीच क्रिकेट का अभ्यास करने वाले इस क्षेत्र के युवा अब रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग और महिला क्रिकेट के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस वर्ष शहडोल संभाग के क्रिकेट इतिहास में दो नई उपलब्धियां जुड़ी हैं। रोशन केवट का रणजी ट्रॉफी के लिए चयन और अपूर्व द्विवेदी का सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश की सीनियर टीम में चयन इस बात का प्रमाण है कि संभाग की क्रिकेट प्रतिभाएं अब बड़े मुकाम हासिल कर रही हैं। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली पूजा वस्त्राकर ने पहले ही शहडोल का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है। र शहडोल संभाग के लिए इस वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में रोशन केवट का रणजी ट्रॉफी में चयन शामिल है।

गांधीसागर देश की सबसे बड़ी पम्पड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना

1920 मेगावाट की पूरी क्षमता पर लगातार 6 घंटे बिजली उत्पादन किया जा सकेगा परियोजना पर 11500 करोड़ रुपए होगा निवेश

भोपाल (आरएनएस)। नीमच जिले के गांधी सागर में ग्रीनको ग्रुप द्वारा 1920 मेगावाट भंडारण क्षमता वाली 'गांधीसागर' पम्पड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना विकसित की जा रही है। इस परियोजना पर 11500 करोड रुपए का निवेश किया जाएगा परियोजना के पूर्ण होने पर 1920 मेगावाट पूर्ण क्षमता पर लगातार 6 घंटे विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा। यह परियोजना नीमच जिले की रामपुरा तहसील स्थित खेमला ब्लॉक के गांव में स्थापित की जा रही है। प्रोजेक्ट मैनेजर श्री श्रीनिवास ने बताया कि परियोजना का निर्माण लगभग 414 हेक्टेयर भूमि पर किया जा रहा है। उक्त परियोजना देश में निर्माणाधीन सबसे बड़ी स्वतंत्र 'पम्पड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना' है। इस परियोजना में दो जलाशय शामिल हैं। निचला जलाशय: मौजूदा गांधीसागर जलाशय (कुल क्षमता लगभग 270 TMC / 7643.70 MCM) है। परियोजना में गांधीसागर जलाशय से केवल 2.4 TMC (67.66 MCM) पानी का गैर-उपभोक्ता (नॉन-कंज़म्प्टिव) पुनः उपयोग किया जाएगा, यानी पानी की खपत नहीं होगी, बल्कि उसे चक्र के रूप में बार-बार इस्तेमाल किया जाएगा।



कार्यप्रणाली (पंपिंग और टरबाइन मोड)

पंपिंग मोड (ऊर्जा भंडारण): दिन या रात के समय ग्रिड से मिलने वाली अतिरिक्त सौर या पवन ऊर्जा से दो दिशाओं में (आगे-पीछे) चलने वाली मोटरों के ज़रिए पानी को निचले जलाशय से ऊपरी जलाशय में पंप करके संग्रहित किया जाएगा। टरबाइन मोड (बिजली उत्पादन): अधिक मांग वाले व्यस्त समय (पीक ऑवर्स) में ऊपरी जलाशय से पानी निचले जलाशय में छोड़ा जाता है, जिससे वही मोटरें उल्टी दिशा में घूमकर टरबाइन के रूप में आपूर्ति योग्य नवीकरणीय बिजली पैदा की जाएगी।

उत्पादन अवधि व तकनीकी विनिर्देश

यह परियोजना 1920 मेगावाट की पूरी क्षमता पर लगातार 6 घंटे तक बिजली उत्पादन कर सकती है। टरबाइन मोड में इसका रेटेड हेड लगभग 122 मीटर है। परियोजना की राउंड ट्रिप एफीशिएंसी यानी संग्रहित ऊर्जा को वापस देने की क्षमता लगभग 80 रहने का अनुमान है। टरबाइन कॉन्फ़िगरेशन व वार्षिक उत्पादन: इसमें कुल 9 टरबाइन लगाए जा रहे हैं, इनसे कुल वार्षिक ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,580 मिलियन यूनिट (MU/ Million kWh) होगी। ग्रिड कनेक्टिविटी और ट्रांसमिशन: पंपिंग और उत्पादित बिजली की निकासी के लिए यह परियोजना लगभग 60 किमी दूर मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में स्थित 765/400kV PGCIL/CT सब स्टेशन से जुड़ी है। दिसंबर 2026 में टर्बाइनों के पहले सेट का संचालन शुरू होगा। जून 2027 से पूरी परियोजना का वाणिज्यिक संचालन (कमर्शियल ऑपरेशंस) पूर्ण रूप से शुरू करने का लक्ष्य है। निर्माण चरण में लगभग 4 हजार लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराया गया है। साथ ही संचालन एवं रखरखाव चरण में साइट पर लगभग 200 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा।

एक जिंदगी थमी,पांच को मिली नई उम्मीद- सुमित सोनी के अंगदान से बचेंगी पांच जिंदगियां,पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

भेपाल(आरएनएस)। एक परिवार ने अपने प्रियजन को खोने के गहरे दुख के बीच ऐसा फैसला लिया, जिसने पांच परिवारों की जिंदगी में उम्मीद की नई रोशनी भर दी। स्वर्गीय सुमित सोनी के परिजनों ने उनके अंगदान का निर्णय लिया। इसके बाद एम्स भोपाल की टीम ने अंगों को जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी कराने में अहम भूमिका निभाई। इस फैसले से पांच गंभीर मरीजों को नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी है। अंगदान के बाद एम्स भोपाल में एक किडनी का सफल प्रत्यारोपण किया गया। दूसरी किडनी और लिवर को सुरक्षित तरीके से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर बंसल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जरूरतमंद मरीजों में इनके प्रत्यारोपण की व्यवस्था की गई। वहीं, दोनों कॉर्निया को एम्स के आई बैंक में सुरक्षित रखा गया है। इनके प्रत्यारोपण से दो अन्य मरीजों की आंखों में रोशनी लौटाई जा सकेगी। अंगों को सुरक्षित और निर्धारित समय में संबंधित अस्पताल तक पहुंचाना इस पूरी प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण चुनौती थी।



इसके लिए एम्स की प्रत्यारोपण टीम, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स, अस्पताल प्रशासन और यातायात पुलिस ने समन्वय के साथ काम किया। ग्रीन कॉरिडोर के जरिए किडनी और लिवर को बंसल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों की टीम ने कॉर्निया को भी सुरक्षित रखने की व्यवस्था की।

अनुकंपा नियुक्ति एवं लंबित पेंशन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें : संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा

भोपाल (आरएनएस)। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने संभाग के सभी जिलों में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों एवं पेंशन संबंधी मामलों का विशेष अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन एवं शासकीय सेवकों से जुड़े इन मामलों के निराकरण में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो संबंधित अधिकारी समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संभागायुक्त श्री शर्मा बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में संभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में संयुक्त आयुक्त डॉ. विनोद यादव, उपायुक्त राजस्व श्रीमती भारती देवी मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संभागायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस



से अधिक समय से लंबित शिकायतों, लोकसेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों तथा आयुक्त कार्यालय की विकास शाखा में लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने विशेष रूप से भोपाल जिले में राजस्व एवं लोकसेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों की अधिक संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके निराकरण के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा करें और प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें।

मध्यप्रदेश पुलिस की चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई, विगत 10 दिनों में 1 करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, वाहन एवं अन्य सामान जब्त



भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने तथा चोरी की घटनाओं में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत 10 दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस ने चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं का खुलासा करते हुए शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों में चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, मोटर पंप, लोहे के पाइप, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य संपत्ति सहित 1 करोड़ 13 लाख 45 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की है।

टीकमगढ़

थाना कुड़ीला पुलिस ने पाइप चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए लोहे के पाइप एवं वारदात में प्रयुक्त दो वाहन सहित करीब 58 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

झाबुआ

पेटलावद थाना पुलिस ने ग्राम उन्नई में दंपति के साथ मारपीट कर सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी लूटने वाली डकैती की घटना का खुलासा करते हुए 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण एवं 52,600 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त 15 लाख रुपये कीमत की कार सहित कुल 18 लाख 52 हजार 600 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

ग्वालियर

ग्वालियर पुलिस की भितरवार थाना पुलिस ने नकबजनी के मामले में मुख्य आरोपी ताज खान एवं चोरी के जेवर खरीदने वाले अविनाश वाल्मीक को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर करीब 12 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा खरीदार से सोने की अंगूठी जब्त की गई।

खरगोन

जैतापुर पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ नेपाली पर इंदौर, खंडवा, विदिशा एवं खरगोन जिले में पूर्व से 33 अपराध दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने मार्च माह में भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से करीब 6.50 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण एवं चोरी में प्रयुक्त करीब 1.50 लाख रुपये कीमत की पल्सर मोटरसाइकिल सहित कुल 8 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की।

छतरपुर

थाना कोतवाली पुलिस ने टौरिया मोहल्ला में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 लाख 50 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण जब्त किए। थाना लवकुशनगर पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर को अभिरक्षा में लेकर ग्राम हिनौता में हुई चोरी के करीब 3 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण जब्त किए।

जीआरपी भोपाल

जीआरपी भोपाल ने रेलवे स्टेशन गंजबासौदा से ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से आईफोन-13 प्रो, आईपैड, ईयरबड्स एवं एप्पल एयरटैग सहित करीब 2 लाख 63 हजार रुपये कीमत की संपत्ति जब्त की गई।

जीआरपी ग्वालियर

जीआरपी ग्वालियर ने ट्रेनों, रेलवे स्टेशन एवं आउटर क्षेत्रों में चोरी करने वाले सात शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर थाने में दर्ज 05 अपराधों में कुल 1 लाख 28 हजार 999 रुपये की संपत्ति जब्त की।

मुरैना

थाना स्टेशन रोड पुलिस ने चोरी की वारदात का 05 दिवस के भीतर खुलासा कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 3 लाख 27 हजार रुपये नकद, चोरी गया बैग, खाते की किताबें एवं अन्य संपत्ति जब्त की गई।

सागर

कैंट थाना पुलिस ने ग्राम पटकुई स्थित मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पहले थप्पड़ मारा, फिर डिक्की से कुल्हाड़ी निकाल लाया पुजारी, मंदिर समिति सदस्य के सिर पर किया वार



भोपाल (आरएनएस)। मोबाइल चार्जर गुम होने की बात पर शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मंदिर के पुजारी ने मंदिर समिति के एक सदस्य पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। दरअसल, विवाद के दौरान मंदिर समिति के सदस्य ने पुजारी को थप्पड़ मार दिया था। इससे गुस्साया पुजारी अपनी गाड़ी की डिक्की से कुल्हाड़ी निकाल लाया और सदस्य के सिर पर वार कर दिया। जान बचाने के लिए पीड़ित ने हाथ आगे कर दिया, जिससे उसकी दो अंगुलियां कट गईं। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। कमलानगर पुलिस ने आरोपी पुजारी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थप्पड़ का बदला लेने कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा पुजारी

पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर निवासी चंद्र प्रकाश (35) मंदिर समिति के सदस्य हैं। इसी समिति से पुजारी जितेंद्र पांडे भी जुड़े हुए हैं। छह नवंबर की रात मोबाइल चार्जर गुम होने की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और चंद्र प्रकाश ने पुजारी जितेंद्र पांडे को थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ से नाराज पुजारी अपनी गाड़ी की डिक्की के पास पहुंचा और उसमें रखी छोटी कुल्हाड़ी निकाल लाया। आरोप है कि उसने गुस्से में चंद्र प्रकाश के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। अचानक हुए हमले से चंद्र प्रकाश संभल नहीं पाए। कुल्हाड़ी का वार सिर पर लगने से बचाने के लिए उन्होंने अपना हाथ आगे कर दिया। कुल्हाड़ी उनके हाथ की अंगुलियों पर जा लगी, जिससे दो अंगुलियां गंभीर रूप से कट गईं। हमले में वह लहूलुहान होकर घायल हो गए।

भोपाल की कॉलोनी में कुत्तों ने 2 लोगों को काटा: 40 साल के बिजनेसमैन और 70 वर्षीय महिला घायल

भोपाल(आरएनएस)। भोपाल के कोलार रोड स्थित यूबी सिटी कॉलोनी में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला समेत दो लोगों को आवारा कुत्तों ने काट लिया। हमले में दोनों बुरी तरह से जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।दोनों घटनाएं बुधवार दोपहर की है। यूबी सिटी कॉलोनी में ही आवारा कुत्तों के हमले की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई। दोनों घटनाओं के वीडियो सामने आए हैं। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में स्ट्रीट डॉग्स युवक को काटते हुए नजर आ रहा है।

कुत्तों के हमले में 40 साल के अभय परिहार घायल हुए हैं। वे पेशे से बिजनेसमैन हैं। वहीं, दूसरी पीड़िता 70 वर्षीय महिला थॉमस हैं। बुजुर्ग महिला को कोलार हॉस्पिटल में और अभय को अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। दोनों के पैर बुरी तरह से जख्मी हो गए।कॉलोनी के आलोक रघुवंशी ने बताया कि यूबी सिटी कॉलोनी ग्राम पंचायत और नगर निगम के बीच फंसी हुई है।

झोले में 3 लाख का गांजा लेकर बैठी थी महिला

भोपाल में मंदिर के पास से पकड़ाई

भोपाल(आरएनएस)। भोपाल के गोविंदपुरा इलाके में क्राइम ब्रांच ने मंगलवार रात गांजा तस्करी के आरोप में 60 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया। वहीं, बुधवार सुबह बागसेवनिया स्थित जलसा होटल से एमडी ड्रग्स के साथ एक युवक को पकड़ा। क्राइम ब्रांच ने बुधवार शाम दोनों मामलों का खुलासा किया।जानकारी के मुताबिक, महिला कस्तूरबा अस्पताल के सामने स्थित हनुमान मंदिर के पास झोला लेकर बैठी थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि झोले में गांजा रखा है और महिला उसे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही है।इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर झोले से 10 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई गई है।पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार महिला की पहचान किरण अहिरवार (60), निवासी कैची छोला, थाना छोला मंदिर के रूप में हुई है।

दीपावली के बाद अब छठ पर्व के कारण दस से ज्यादा रुटों पर ट्रेनों में भीड़, इंदौर-पटना ट्रेन में वेटिंग

इंदौर (ए.)। छठ पर्व पर उत्तर भारत जाने वाली ज्यादातर ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। पटना रूट की ट्रेनों में सबसे ज्यादा वेटिंग है। ट्रेनों के साथ बसों में भी सीटें फुल हो रही हैं। यात्री अलग-अलग ट्रेनों में टिकट बुक कर घर पहुंच रहे हैं।

दीपावली के बाद अब छठ पर्व के कारण इंदौर से उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली ज्यादातर ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा वेटिंग इंदौर से पटना जाने वाली ट्रेन में है। नौकरी और व्यापार के सिलसिले में कई लोग इंदौर और आसपास के शहरों में उत्तर भारत के अलग-अलग शहरों से आकर रहते हैं। वे छठ पर्व पर अपने घर जाकर त्योहार मनाना चाहते हैं, लेकिन उन्हें कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं। कई यात्री अलग-अलग ट्रेनों में टिकट बुक कर अपने घर पहुंच रहे हैं।

दिल्ली और पटना रूट पर चलने वाली ज्यादातर ट्रेनों में सीटें फुल हैं। पिछले बुधवार को इंदौर से रवाना हुई पटना ट्रेन के जनरल कोच में चढ़ने के लिए कई यात्री आपातकालीन खिड़की से भीतर जाने की जद्दोजहद करते नजर आए। आज भी इंदौर से रवाना होने वाली ट्रेन में वेटिंग 100 के पार पहुंच गई है। लोग हर हाल में छठ पर्व अपने पैतृक शहर या गांव में मनाना चाहते हैं। इस कारण बसों में भी आसानी से टिकट नहीं मिल रहे हैं।

इसके अलावा दीपावली पर जो लोग इंदौर आए थे, वे भी अब वापस



लौट रहे हैं। इस कारण मुंबई और पुणे जाने वाली ट्रेनों में भी वेटिंग चल रही है। इंदौर से टिकट नहीं मिलने की स्थिति में लोग भोपाल या दूसरे शहरों से कन्फर्म टिकट बुक करा रहे हैं। बुधवार के बाद इंदौर से पटना जाने वाली ट्रेन 13 नवंबर को रवाना होगी। उस ट्रेन में भी स्लीपर कोच में करीब 100 की वेटिंग चल रही है।

इंदौर में रहते हैं 50 हजार से ज्यादा परिवार

इंदौर में पूर्वांचल से नाता रखने वाले 50 हजार से ज्यादा परिवार रहते हैं। ये लोग नौकरी और व्यापार के सिलसिले में इंदौर आए थे और यहीं बस गए। ज्यादातर परिवार अब इंदौर में भी छठ पर्व मनाने लगे हैं। इंदौर के महालक्ष्मी नगर, विजय नगर और बाणगंगा क्षेत्र में बिहार से आए परिवार रहते हैं। इन इलाकों में छठ पर्व के लिए कुंड भी बनाए जाते हैं।

महाकाल ने रजत मुकुट-मुंडमाल और रुद्राक्ष धारण कर दिए राजा स्वरूप में दर्शन

उज्जैन,(ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार तड़के भगवान महाकाल की भस्म आरती विशेष पूजन और दिव्य श्रृंगार के साथ संपन्न हुई। इस दौरान बाबा महाकाल का राजा स्वरूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान ने शेषनाग का रजत मुकुट, चांदी की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। भस्म आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। परंपरा के अनुसार, बुधवार तड़के चार बजे मंदिर के पट खोले गए। सबसे पहले वीरभद्रजी को प्रणाम कर स्वस्ति वाचन किया गया। इसके बाद उनकी आज्ञा लेकर चांदी के द्वार खोले गए। गर्भगृह में पुजारियों ने स्थापित देवी-देवताओं का पूजन किया और भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया।

उज्जैन होटल श्रीगंगा हादसाः चार मौतों के 10 दिन बाद भी जांच ठप, पुलिस के नोटिस पर कुंडली मारकर बैठा प्रबंधन



उज्जैन (ए.)। देवास रोड स्थित नामी होटल श्रीगंगा के फूड वेस्ट चैंबर में जहरीली गैस से चार कर्मचारियों की दर्दनाक मौत के मामले में 10 दिन बीत जाने के बाद भी जांच ठप पड़ी है। हादसे के जिम्मेदार लोग खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिसिया कार्रवाई कागजों तक सीमित नजर आ रही है। माधव नगर थाना पुलिस द्वारा मांगे गए अहम दस्तावेजों पर होटल का संचालन करने वाली एसएमबी होटल एंड रिसोर्ट कंपनी कुंडली मारकर बैठी है और जांच में रत्ती भर सहयोग नहीं कर रही है।

याद रहे कि जांच के दौरान पुलिस के हाथ लगे सीसीटीवी फुटेज ने होटल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है। फुटेज से साफ है कि जहरीली गैस से लबालब बंद चैंबर में कर्मचारियों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण, मास्क या ऑक्सीजन सपोर्ट के उतार दिया गया था। सफाई से पहले न तो गैस का परीक्षण किया गया और न ही आपातकालीन बचाव के कोई इंतजाम थे। इसी सीधी लापरवाही को मौतों की मुख्य वजह मानते हुए माधव नगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

4 प्रमुख बिंदुओं पर साधी चुप्पी

मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस ने प्रबंधन से 4 बिंदुओं पर दस्तावेज और स्पष्टीकरण मांगा था।

विवाहिता की संदिग्ध मौत, बेड पर पड़ा मिला शव; चेहरे और सीने पर खरोंच के निशान, पति पर हत्या का आरोप

ग्वालियर (ए.) । ग्वालियर शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र के तारागंज इलाके में मंगलवार दोपहर एक 30 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव उसके ससुराल के कमरे में बेड पर पड़ा मिला। मृतका के चेहरे और सीने पर खरोंच के निशान मिलने से मामला संदिग्ध हो गया। घटना के बाद मायके पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं, हंगामे के बीच पति और अन्य ससुरालीजन मौके से चले गए।



मृतका की शादी 2019 में तारागंज पुल के पास नादों का मोहल्ला निवासी इमरान खान से हुई थी। दोनों की चार साल की एक बेटी भी है। मंगलवार दोपहर करीब 11 से 12 बजे के बीच मायके पक्ष को मृतका की मौत की सूचना मिली। खबर मिलते ही उसके चाचा खलील और अन्य रिश्तेदार ससुराल पहुंच गए।

मृतका के चाचा खलील ने पति इमरान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इमरान मृतका को जबरन शराब पिलाता था और उस पर गलत काम करने का दबाव बनाता था। चाचा ने आरोप लगाया कि इमरान का किसी अन्य लड़की से प्रेम संबंध था और इसी विवाद के चलते उसने मृतका की हत्या की है। हालांकि, ये सभी आरोप हैं और पुलिस इनकी जांच कर रही है।

इंदौर से उड़ान भरने से पहले अबूधाबी की फ्लाइट में आई तकनीकी दिक्कत, डेढ़ घंटे बाद हुई रवाना

इंदौर,(ए.) । मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल से बुधवार सुबह अबूधाबी के लिए रवाना होने वाली अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में अचानक तकनीकी समस्या आ गई। इसके बाद विमान निरस्त होने की सूचना यात्रियों को दी गई, जिससे एयरपोर्ट पर नाराजगी बढ़ गई और कुछ देर हंगामे की स्थिति बन गई। बाद में तकनीकी समस्या दूर होने पर विमान को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक फ्लाइट को बुधवार सुबह 8:30 बजे उड़ान भरनी थी। लेकिन इमिग्रेशन और तकनीकी



समस्याओं के चलते यात्रियों को पहले उड़ान रद्द होने की जानकारी दी गई। अचानक मिली इस सूचना से यात्री नाराज हो गए और उन्होंने एयरपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। बाद में विमान में आई तकनीकी दिक्कतों को ठीक किया गया। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे फ्लाइट ने अबूधाबी के लिए उड़ान भरी। इंदौर विमानतल के जनसम्पर्क अधिकारी रामस्वरूप यादव ने बताया कि उड़ान भरने से पहले विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी विशेषज्ञों ने विमान की कमियों को दूर करने का कार्य तुरंत प्रारंभ किया। खराबी पूरी तरह ठीक होने के पश्चात विमान को सुबह 10 बजे अबूधाबी के लिए सफलतापूर्वक रवाना कर दिया गया।

स्वच्छता के शिखर पर संस्कारधानी जबलपुर, देश में हासिल किया दूसरा स्थान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में जबलपुर को प्रदान किया राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मान

जबलपुर (ए.) । स्वच्छता के क्षेत्र में संस्कारधानी जबलपुर ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शानदार उपलब्धि का परचम लहराया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर बनने का गौरव हासिल कर जबलपुर ने इतिहास रच दिया है। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने जबलपुर को द्वितीय स्थान का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं तत्कालीन निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार एवं नवागत अग्रिम



कुमार को बधाई दी है। विज्ञान भवन में यह सम्मान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, तत्कालीन निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार एवं वर्तमान निगमायुक्त अग्रिम कुमार ने ग्रहण किया।

जबलपुर की इस उपलब्धि ने न केवल संस्कारधानी का गौरव बढ़ाया है, बल्कि यह भी साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, बेहतर कार्ययोजना, प्रभावी नेतृत्व और सामूहिक प्रयासों से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। नगर निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए नवाचार, कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन, नियमित मैदानी मॉनिटरिंग, रात्रिकालीन सफाई और जनभागीदारी इस सफलता के प्रमुख आधार बने हैं।जबलपुर की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू का वह संकल्प है, जो उन्होंने महापौर पद की शपथ ग्रहण करते समय लिया था। उस समय स्वच्छता सर्वेक्षण में जबलपुर देश में 22वें स्थान पर था। महापौर ने उसी समय संकल्प लिया था कि जबलपुर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है।

व्यापार समाचार

भारत एंट्री से पहले मुश्किल में चीनी कंपनी, बीच सड़क टूटा SUV का एक्सल; अलग हुए पहिए

कुआलालंपुर (ए.)। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में जोरदार दस्तक देने की तैयारी कर रही चीनी कार निर्माता कंपनी चेरी (Chery) की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। भारत के प्रमुख जेएसडब्ल्यू (JSW) ग्रुप के साथ साझेदारी की चर्चाओं के बीच कंपनी की गाड़ियों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मलेशिया में चेरी की मशहूर एसयूवी ओमोडा 5 (Omoda 5) का बीच सड़क एक्सल टूटने और पहिए अलग होने का विवाद अभी थमा भी नहीं था कि अब कंपनी की एक और नई एसयूवी टिग्गो क्रॉस (ञ्जद्वद्दह्म्श ष्टह्म्श्रह्यह्य) के साथ भी ठीक ऐसा ही हादसा पेश आया है। सड़क पर टक्कर के बाद एसयूवी का एक्सल टूट गया और दोनों पहिए गाड़ी से अलग होकर दूर जा गिरे। इस घटना ने एक बार फिर ब्रांड की मजबूती और व्हीकल सेफ्टी को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

न्यू क्लैंग वैली एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा, वायरल हुईं तस्वीरें

प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, यह ताजा दुर्घटना 7 नवंबर को मलेशिया के व्यस्त 'न्यू क्लैंग वैली एक्सप्रेसवे' (NKVE) पर घटी। एक्सप्रेसवे पर चेरी टिग्गो क्रॉस की दूसरी कार के साथ जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही एसयूवी का अगला बंपर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और देखते ही देखते गाड़ी के दो पहिए चेसिस से अलग होकर सड़क पर बिखर गए। हादसे के बाद मौके से सामने आई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसमें क्षतिग्रस्त टिग्गो क्रॉस सड़क के बीचों-बीच बिना पहियों के खड़ी दिखाई दे रही है। हालांकि, इन फुटेज से यह पूरी तरह



स्पष्ट नहीं हो पाया है कि टक्कर किस एंगल से हुई थी और पहिए किस सटीक पल में अलग हुए।

तकनीकी खराबी के आरोपों पर चेरी की सफाई, हादसे को बताया वजह

लगातार दूसरी गाड़ी के पहिए निकलने की घटना के बाद ऑटोमोबाइल जगत में चेरी की निर्माण गुणवत्ता को लेकर उठ रही चर्चाओं पर कंपनी ने अपना रुख स्पष्ट किया है। चेरी प्रबंधन का दावा है कि टिग्गो क्रॉस के पहिए किसी तकनीकी खामी, मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट या कमजोर एक्सल की वजह से अलग नहीं हुए, बल्कि यह सीधे तौर पर तेज टक्कर और भीषण एक्सीडेंट का परिणाम था। कंपनी का कहना है कि अत्यधिक प्रभाव वाले हादसों में व्हील असेंबली पर भारी दबाव पड़ता है, जिसके चलते ऐसा हुआ।

भारत में जेएसडब्ल्यू से साझेदारी की योजना पर पड़ सकता है असर

उल्लेखनीय है कि चेरी ऑटोमोबाइल भारत के तेजी से बढ़ते यात्री वाहन बाजार में प्रवेश की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है और इसके लिए जेएसडब्ल्यू समूह के साथ संभावित संयुक्त उद्यम (JV) को लेकर बातचीत जारी है। हालांकि, मलेशिया जैसे अहम विदेशी बाजारों में बैक-टू-बैक एक्सल टूटने और पहिए निकलने जैसी घटनाओं ने ग्राहकों और उद्योग विशेषज्ञों के मन में गहरा संदेह पैदा कर दिया है। भारतीय बाजार में सुरक्षा मानकों को लेकर लगातार बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता के बीच इन अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा विवादों का असर कंपनी के भारत लॉन्च की विश्वसनीयता और रणनीति पर पड़ना तय माना जा रहा है।

क्वांटास एयरवेज 850 लोगों की करेगा छंटनी, भारत शिफ्ट होंगी नौकरियां



नई दिल्ली (आरएनएस) । ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटास एयरवेज ने कंसल्टिंग फर्म एक्सेंचर के साथ एक नई टेक्नोलॉजी साझेदारी के तहत लगभग 850 नौकरियों में कटौती करने और कई बैक-ऑफिस कार्यों को आउटसोर्स करने की योजना बनाई है। इनमें से ज्यादातर नौकरियों को भारत में स्थानांतरित किए जाने की उम्मीद है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई।

2027 के मध्य से शुरू होने वाला यह पुनर्गठन फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, ह्यूमन रिसोर्स और मार्केटिंग विभागों के कर्मचारियों को प्रभावित करेगा। इसके तहत एयरलाइन अपने पुराने सिस्टम को आधुनिक बनाना चाहती है और अपने कामकाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल बढ़ाना चाहती है।

यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब एयरोस्पेस निर्माता और एयरलाइंस अपनी कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के लिए अपने कामकाज के तरीकों में बदलाव कर रहे हैं।

बोइंग ने सोमवार को कहा कि वह अपने कमर्शियल विमान उत्पादन को बढ़ाने की योजना को धीमा कर रहा है। इसके चलते, कंपनी अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 5 प्रतिशत की कटौती करेगी।

बोइंग ने बताया कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि कारखानों और सप्लायर्स को उत्पादन को स्थिर करने के लिए अधिक समय मिल सके।

इसके अलावा, क्वांटास ने बताया कि उसने अपने बैक-एंड सिस्टम, बिजनेस प्रोसेस और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने के लिए एक्सेंचर के साथ एक बहु-वर्षीय समझौता किया है। यह उनके व्यापक टेक्नोलॉजी ट्रांसफॉर्मेशन प्रोग्राम का हिस्सा है।

कर्मचारियों को भेजे गए एक संदेश में, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वैनेसा हडसन ने कहा कि एयरलाइन हर साल टेक्नोलॉजी पर 1 अरब ऑस्ट्रेलियन डॉलर से अधिक खर्च करती है, लेकिन फिर भी वह दशकों पहले बने 1,000 से अधिक पुराने एप्लिकेशन पर निर्भर है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, हडसन ने कहा, ये सिस्टम एक साथ काम करने के लिए नहीं बनाए गए थे, और अब इनका रखरखाव करना बहुत जटिल हो गया है।

माना जा रहा है कि प्रभावित होने वाले ज्यादातर पदों का काम भारत में एक्सेंचर की टीमों को सौंप दिया जाएगा, जबकि कुछ काम ऑस्ट्रेलिया में ही होते रहेंगे।

क्वांटास ने कहा कि इन बदलावों को लागू करने से पहले वह अपने कर्मचारियों और यूनियनों से बातचीत करेगी। साथ ही, कंपनी कोशिश करेगी कि प्रभावित कर्मचारियों को कहीं और काम पर रखा जा सके।

कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में हडसन ने कहा, कुछ लोगों के लिए यह एक मुश्किल खबर है, और इससे पैदा हुई अनिश्चितता के लिए मुझे खेद है।

एयरलाइन ने बताया कि एक्सेंचर द्वारा संभाले जाने वाले कामों में धीरे-धीरे ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए बदलाव लाए जाएंगे। इसका मकसद काम के दोहराव को कम करना और पूरे कॉर्पोरेट कामकाज में कार्यक्षमता को बेहतर बनाना है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट हुआ पटना नगर निगम का पहला म्युनिसिपल बॉन्ड, जुटाए 200 करोड़

पटना(आरएनएस)। बिहार के शहरी विकास और स्थानीय निकायों के वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक छलांग लगाते हुए पटना नगर निगम (PMC) का पहला म्युनिसिपल बॉन्ड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर सफलतापूर्वक लिस्ट हो गया है। बिहार के किसी भी शहरी स्थानीय निकाय (ULB) द्वारा पूंजी बाजार में उतारा गया यह पहला बॉन्ड है। 10 नवंबर को पटना में आयोजित औपचारिक समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में बॉन्ड की लिस्टिंग संपन्न हुई।

बाजार में इस बॉन्ड को लेकर संस्थागत निवेशकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रू 100.03 करोड़ के बेस इश्यू और रू99.96 करोड़ के ग्रीन-शू विकल्प वाले इस प्राइवेट प्लेसमेंट को बेस इश्यू साइज से 2 गुना से अधिक का सब्सक्रिप्शन मिला। इस सफल निर्गम के जरिए नगर निगम ने करीब रू200 करोड़ (रू99.99 करोड़) की राशि जुटाई है। जुटाए गए इस कोष का उपयोग पटना के विभिन्न बाजार क्षेत्रों के कायाकल्प, जनसुविधाओं के आधुनिकीकरण और आर्थिक दक्षता बढ़ाने के लिए तैयार की गई 15 महत्वाकांक्षी पुनर्विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण में किया जाएगा।

लिस्टिंग समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार बिहार को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, समृद्धि के नए मार्ग तलाशने और प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों से सीधे जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने पटना नगर निगम की इस ऐतिहासिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि म्युनिसिपल बॉन्ड के जरिए तुरंत लगभग रू200 करोड़ का फंड जुटाना बिहार की सुधरती वित्तीय साख का प्रमाण है।

उन्होंने निर्देश दिया कि इस राशि को ऐसे प्रोजेक्ट्स में निवेश किया जाए जो निगम के लिए नियमित राजस्व अर्जित कर सकें। साथ ही उन्होंने बिहार के अन्य नगर निगमों और सरकारी विभागों से भी अपनी संपत्तियों व संसाधनों का रणनीतिक उपयोग करते हुए बॉन्ड व पीपीपी (PPP) मॉडल के जरिए विकास कोष जुटाने का आह्वान किया, ताकि ऋण चुकाने के बाद भी दीर्घकालिक आय सृजित होती रहे।

एनएसई के एमडी एवं सीईओ आशीषकुमार चौहान ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री और बिहार प्रशासनिक टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम की नींव पिछले वर्ष तब रखी गई थी जब बिहार सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में एनएसई के आउटरीच कार्यक्रम में हिस्सा लेकर पूंजी बाजार के इकोसिस्टम को समझा था।

उन्होंने मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार और पटना नगर आयुक्त यशपाल मीणा के प्रशासनिक नेतृत्व की भी सराहना की। समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, पटना की मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रेशमी कुमारी और मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

देश में अशांति का माहौल

मुंह मोड़ लेने से वो ठोस हकीकतें नहीं बदल जाएंगी, जिस कारण देश में अशांति का माहौल बना है। अत: बेहतर यह होगा कि सत्ता पक्ष आंदोलनकारियों से संवाद बनाते हुए उनका भरोसा हासिल करे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने विजय दशमी पर जो कहा, उसका सार है कि भारत के खिलाफ कोई बड़ी साजिश रची गई है। उन्होंने कहा कि कुछ "दानवी शक्तियां" भारत, हिंदुओं, और आरएसएस को विघटित करने की कोशिश में हैं। फ्रांस, अल्बानिया, नेपाल, बांग्लादेश आदि में हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि इनके पीछे जो शक्तियां मौजूद रही हैं, उनके निशाने पर भारत भी है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन अंदाजा लगाया गया है कि उनके निशाने पर 'कॉकरोच' आंदोलन से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन थे।

इसी अवसर पर प्रधानमंत्री ने भी "देश के शत्रुओं" की बात की। नरेंद्र मोदी ने उन लोगों या ताकतों को "देश का दुश्मन" बताया, जो "देश के सम्मान को नुकसान पहुंचाते हैं, समाज को बांटते हैं और भारतीय संस्कृति से घृणा करते हैं।" स्पष्टत: संघ प्रमुख और प्रधानमंत्री दोनों इस समय विभिन्न जन समूहों- खासकर नौजवानों के जाहिर हो रहे असंतोष को वैध असहमति या विरोध प्रदर्शन के रूप में नहीं देखते। वे इसे 'भारत के विकास' के खिलाफ किसी षड्यंत्र का हिस्सा मानते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि सरकार ने विरोध प्रदर्शनों के प्रति दमनकारी तरीके क्यों अपना रखे है। यह रुख इस हद तक है कि संयुक्त राष्ट्र के मानव अधिकार विशेषज्ञों की एक टीम ने 'निहत्थे छात्रों के खिलाफ' बल प्रयोग को 'परेशान करने वाली कार्रवाई' बताया है। संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद के इस बयान में हाल में सात हजार से ज्यादा नौजवानों, पत्रकारों, वकीलों, राजनीतिक दलों एवं अन्य संगठनों के सदस्यों को हिरासत में लिए जाने और उनके फोन से प्रतिरोध संबंधी सामग्रियां डिलीट किए जाने की कथित "चिंताजनक" घटनाओं का जिक्र किया गया है। जाहिर है, सत्ता पक्ष जो तस्वीर पेश करना चाहता है, उसके अपने दायरे के बाहर उसकी कहीं सहज स्वीकृति नहीं है। उसे समझना चाहिए कि मुंह मोड़ लेने से वो ठोस हकीकतें नहीं बदल जाएंगी, जिस कारण देश में अशांति का माहौल बना हुआ है। अत: बेहतर नजरिया यह होगा कि सरकार आंदोलनकारियों से संवाद बनाते हुए उनका भरोसा हासिल करे।

हवा हमारी, धुआँ हमारा और साँसें दूसरों की: आखिर कब सुधरेगी हमारी सोच?

प्रो. (डॉ.) मनमोहन प्रकाश

वायु प्रदूषण के लिए सरकारों को आखिर कितना और कब तक कोसा जाएगा? केवल उन्हें ही क्यों दोषी ठहराया जाए? सच तो यह है कि प्रदूषण फैलाने में हम मनुष्यों की आदतों और सोच की जितनी भूमिका है, उतनी शायद किसी और की नहीं। कचरा जलाना हो, पराली जलानी हो या विभिन्न अवसरों पर आतिशबाजी करनी हो, कारखानों की चिमनियों से निकलने वाले धुएँ को शुद्ध किए बिना हवा में छोड़ना हो अथवा प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों की अनदेखी करनी हो-हर बार अपने कृत्यों के बचाव में हमारे पास एक-न-एक तर्क तैयार रहता है।सवाल उठाइए तो जवाब मिलता है-क्या पराली हटाने वाली मशीनों और मजदूरों का खर्च सरकार उठाएगी? क्या हम अपने त्योहार भी हर्षोल्लास से नहीं मनाएँ? क्या हम अपनी खुशियों का इजहार सार्वजनिक रूप से नहीं कर सकते? क्या हम अपने प्रभु श्रीराम की रावण पर विजय का उत्सव भी नहीं मनाएँ? क्या हम नए वर्ष का स्वागत भी नहीं करें? क्या बारात भी धूमधाम से नहीं निकालें? क्या खेलों में भारत की जीत का जश्न भी नहीं मनाएँ? आदि-आदि।इतना ही नहीं, नाराजगी भरे लहजे में यह भी कहा जाता है- हमारा कचरा, हमारी पराली, हमारा खेत, हमारे पटाखे, हमारी खुशी और उसे मनाने का हमारा अपना तरीका, फिर किसी को तकलीफ क्यों? ज्यादा ही किसी को तकलीफ है, साँस लेने में परेशानी है, तो वह अपने घर के खिड़की-दरवाजे बंद करके क्यों नहीं रहता? घर में रहने से किसने किसी को मना किया है? फिर भी बाहर निकलना ही है तो मास्क लगाकर और ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर घूमे। आखिर वैज्ञानिकों ने पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर किस दिन के लिए बनाए हैं! और फिर मास्क बनाने वाली कंपनियों को भी तो बाजार चाहिए। वाह! प्रदूषण फैलाने वाले अपराधमुक्त और साँस लेने वाले अपनी समस्या के लिए खुद जिम्मेदार!लेकिन जरा सोचिए, जब आतिशबाजी से आगजनी की घटनाएँ होती हैं और वायु प्रदूषण के कारण लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ता है, तब दोष किसे दिया जाए? पटाखे बनाने वाली कंपनी को, उन्हें बेचने वाले को, चलाने वाले को या फिर उन लोगों को, जो दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं? अथवा उस व्यवस्था को, जो सुरक्षा नियमों की



अनदेखी पर आँखें मूँदे रहती है?

वर्ष 2026 की दीपावली की रात का ही उदाहरण लीजिए। मुंबई में पटाखों से जुड़ी 140 से अधिक आगजनी की घटनाओं की खबरें और राजधानी दिल्ली सहित देश के विभिन्न शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का आसमान छूना इसी चिंता को सामने लाता है। पूरे देश में इस अवसर पर वायु प्रदूषण की स्थिति कितनी खतरनाक रही होगी और पटाखों से आगजनी तथा दुर्घटनाओं का आँकड़ा कितना बड़ा रहा होगा, इस पर आतिशबाजी करने वालों को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।विडंबना यह है कि हमें अधिकार और स्वतंत्रता तो पूरी चाहिए, लेकिन जिम्मेदारियाँ आधी भी मंजूर नहीं। सरकार प्रदूषण रोकने के लिए नियम बनाए और उनका पालन सुनिश्चित करे तो इसे स्वतंत्रता पर हमला बताया जाता है और यदि ऐसा न करे तो सरकार निकम्मी कहलाती है। जनता को समझना होगा कि प्रदूषण का वास्तविक समाधान केवल सरकारी आदेशों और व्यवस्थाओं में नहीं, बल्कि हमारी नागरिक समझ और सोच में भी निहित है। निश्चित रूप से सरकारों को जवाबदेह होना चाहिए, लेकिन नागरिकों को भी अपने कर्तव्यों से बचने के बहाने नहीं तलाशने चाहिए। आखिर देश भी हमारा है और प्रदूषण की तकलीफ झेलने वाले लोग भी हमारे अपने हैं।

क्या डिजिटल निर्भरता देश की नई कमजोरी बन रही है?

प्रो.आरके जैन अरिजीत

कभी धुआँ, गोलियाँ, लड़ाकू विमान और सरहदों पर आमने-सामने खड़ी सेनाएँ युद्ध की पहचान थीं। लेकिन अब युद्ध का तरीका बदल चुका है। न सैनिक दिखाई देते हैं, न हथियारों की आवाज सुनाई देती है। एक डिजिटल हमला हजारों किलोमीटर दूर से आपके घर की रसोई तक असर पहुँचा सकता है। कंप्यूटर पर कुछ अंकों में बदलाव से फ्रिज का तापमान बढ़ सकता है और उसमें रखा भोजन खराब हो सकता है। अब दुश्मन को घर में घुसने या सीमा पार करने की जरूरत नहीं, वह दूर बैठकर ही आपकी रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित कर सकता है। अक्टूबर 2026 में फ्रांस के सुपरमार्केटों में हुई घटना ने युद्ध के इस नए स्वरूप की झलक दिखाई, जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पहले तक विज्ञान-कथा में ही की जाती थी।फ्रांस में करीब 700 सुपरमार्केट और व्यावसायिक प्रतिष्ठान साइबर हमले की चपेट में आए। अक्टूबर की एक रात हमलावरों ने रेफ्रिजरेशन सिस्टम का तापमान दूर से बढ़ा दिया। कुछ इकाइयों में यह 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया, जिससे मांस, दूध और अन्य खाद्य सामग्री खराब हो गई। कम से कम 15 स्थानों पर आग लगी और लाखों यूरो का खाद्य भंडार नष्ट हुआ। नवंबर 2026 की शुरुआत में फ्रांसीसी अधिकारियों ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स से जुड़ी साइबर इकाई शहीद कावेह पर हमले का आरोप लगाया। जाँच में फारसी भाषा और ईरानी इंटरनेट पतों के संकेत मिले। फ्रांस ने ईरानी राजदूत को तलब कर यूरोपीय प्रतिबंधों की पहल की। ईरान ने आरोपों को निराधार बताया। स्वतंत्र पुष्टि अभी शेष है।इस घटना का दायरा फ्रांस और ईरान के बीच राजनयिक विवाद तक सीमित नहीं है। अब तक साइबर युद्ध को बैंकिंग नेटवर्क में सेंध लगाने, सरकारी वेबसाइटें ठप करने, गोपनीय जानकारियाँ चुराने और संचार व्यवस्था बाधित करने तक समझा जाता था। लेकिन फ्रांस की घटना ने स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल हमले का असर वास्तविक दुनिया में आग, भारी आर्थिक क्षति और खाद्य संकट के रूप में सामने आ सकता है। यानी कंप्यूटर पर शुरू हुई कार्रवाई सीधे आम आदमी के जीवन और जरूरतों को प्रभावित कर सकती है। अब चिंता केवल पासवर्ड चोरी की नहीं, बल्कि लोगों की थाली तक भोजन पहुँचने की है।इस हमले की सबसे चिंताजनक बात यह है कि इसके लिए किसी जटिल हथियार की जरूरत नहीं पड़ी। सुपरमार्केटों में लगे डैनफॉस जैसे तापमान नियंत्रकों के वेब इंटरफेस इंटरनेट पर खुले थे। कमजोर या डिफॉल्ट पासवर्ड और सुरक्षा की कमी ने हमलावरों के लिए इन तक पहुँच आसान बना दी। भोजन सुरक्षित रखने वाले उपकरण ही विनाश का जरिया बन गए। जिस फ्रिज का काम भोजन बचाना था, उसकी डिजिटल कमजोरी ने वही भोजन नष्ट कर दिया। इससे स्पष्ट है कि आधुनिक तकनीक की कसौटी केवल उसकी स्मार्टनेस नहीं, बल्कि उसकी सुरक्षा भी है।भारत इस घटना को यूरोप की समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं कर सकता। हमारी खाद्य व्यवस्था कोल्ड चेन पर निर्भर है। खेत से मंडी, गोदाम और प्रसंस्करण इकाई तक दूध, फल, सब्जियाँ, मांस और मछली सुरक्षित पहुँचाने में तापमान नियंत्रित भंडारण अहम है।

पीएम गतिशक्ति के पाँच वर्ष : भारत की बुनियादी ढांचा योजना में परिवर्तनकारी बदलाव

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) एक राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा मानचित्रण प्लेटफॉर्म से धीरे-धीरे विकसित होकर एक व्यापक नियोजन ढाँचे के रूप में उभरा है। यह जीआईएस आधारित मंच के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों और बुनियादी ढांचा नेटवर्कों को एक साथ जोड़ता है, ताकि एकीकृत योजनाएं बनाने और परियोजनाओं के समन्वय में सहायता मिल सके। वर्तमान में इसके दायरे में 58 केन्द्रीय मंत्रालय और विभाग तथा सभी 36 राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश शामिल हैं।

विकसित भारत के इंजन के रूप में बुनियादी ढांचा

भारत बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, जिसके लिए विभिन्न क्षेत्रों और परिवहन के साधनों के बीच समन्वय आवश्यक है। सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे, जलमार्ग और उपयोगिता सेवाओं के नेटवर्क अक्सर एक क्षेत्र में एक-दूसरे से जुड़ते हैं। इन नेटवर्कों की एक साथ योजना बनाने से लागत और समय की बचत करने, परियोजनाओं के बीच समन्वय स्थापित करने तथा मौजूदा बुनियादी ढांचे का अधिक कुशलतापूर्वक उपयोग करने में मदद मिल सकती है। इसी आवश्यकता के चलते विभिन्न बुनियादी ढांचा नेटवर्कों को एक साझा नियोजन ढाँचे में एकीकृत करने की पहल की गई।

इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए 13 अक्टूबर 2021 को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की गई। इसके तहत विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के आँकड़ों को एक साझा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया। पीएम गतिशक्ति योजनाकारों को बुनियादी ढांचा, भौगोलिक विशेषताओं, आर्थिक क्षेत्रों और अन्य संबंधित महत्वपूर्ण आँकड़ों को एक साथ देखने में मदद करता है, जिससे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए आँकड़ों पर आधारित योजना बनाने और निर्णय लेने में सहायता मिलती है। पाँच वर्षों में यह दृष्टिकोण एक राष्ट्रव्यापी नियोजन ढाँचे के रूप में विकसित हो चुका है।

पीएम गतिशक्ति: एक दृष्टि में

पीएम गतिशक्ति के मार्गदर्शन के लिए छह सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य बुनियादी ढांचा नियोजन को अधिक एकीकृत, कुशल और समन्वित बनाना है। इनमें एकीकृत विकास, मल्टीमॉडल बुनियादी ढांचा, अंतिम छोर तक संपर्क की सुविधा, भूमि अधिग्रहण में तेजी, मंजूरियों की संख्या में कमी तथा पारिस्थितिक प्रभाव को कम करना शामिल है।

पीएम गतिशक्ति की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं

क्या आप जानते हैं?

पीएम गतिशक्ति में विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों की बुनियादी ढांचा योजनाओं को शामिल किया गया है, जैसे भारतमाला, सागरमाला, अंतर्देशीय जलमार्ग, ड्राई/लैंड पोर्ट और उड़ान।

सात बुनियादी ढांचा इंजन: सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, सार्वजनिक परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचा इस योजना के प्रमुख क्षेत्र हैं। समग्र सरकारी नियोजन: राष्ट्रीय मास्टर प्लान में 58 केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों तथा सभी 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में अवसंरचना संबंधी प्रस्तावों की योजना बनाने और उनका आकलन करने में मदद मिलती है। एकीकृत डिजिटल नियोजन: राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बुनियादी ढांचा और भू-स्थानिक जानकारी को एक साझा जीआईएस आधारित मंच पर एकत्रित किया गया है, जिससे स्थानिक नियोजन और निर्णय लेने की प्रक्रिया को सहायता मिलती है। डेटा तक व्यापक पहुँच: पीएम गतिशक्ति पब्लिक प्लेटफॉर्म 230 अनुमोदित डेटासेट तक पहुँच प्रदान करता है, जिससे स्थल की उपयुक्तता का विश्लेषण, संपर्क सुविधा का मानचित्रण, मार्ग निर्धारण की योजना और अनुपालन संबंधी जाँच करने में मदद मिलती है। डेटा लेयर्स 12 अक्टूबर 2026 तक 23,493 से अधिक डेटा लेयर्स के माध्यम से बुनियादी ढांचा और अन्य प्रासंगिक जानकारी को साझा जीआईएस आधारित प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है।

आईटीएलए: एकीकृत परिवहन नियोजन को मजबूत बनाना

पीएम गतिशक्ति के पूरक के रूप में, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण (आईटीएलए) की स्थापना को मंजूरी दी है। यह प्राधिकरण दीर्घकालिक परिवहन नियोजन और समन्वय पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

आईटीएलए दस वर्ष या उससे अधिक की नियोजन अवधि को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लान तैयार करेगा।

यह क्षेत्रीय और वार्षिक परिवहन योजनाओं का आकलन करेगा तथा 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन करेगा। प्राधिकरण इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी भी करेगा।

इसके अतिरिक्त, यह फास्टैग, वाहन और जीएसटीएन ई-वे बिल जैसे स्रोतों से प्राप्त जानकारी को एकीकृत करके राष्ट्रीय परिवहन डेटा रिपॉजिटरी (एनटीडीआर) विकसित करेगा।



मेष राशि:आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के मंत्रियों की विदेशी यात्राएं हो सकती हैं। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए।

वृष राशि:आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बना रहेगा।

मिथुन राशि:आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिए अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक रहेगा। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही हैं, उनके लिए आज का दिन अच्छा है।

कर्क राशि:आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है, समाज हित में किए गए कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बनाकर खिला सकती हैं, दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। परिवार में स्थिति ठीक रहेगी।

सिंह राशि:आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं।

कन्या राशि:आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से रिलेटेड कोई शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी।

तुला राशि:आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्गों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी।

वृश्चिक राशि:आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कोई नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

धनु राशि:आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनियर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं।

मकर राशि:आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जाएगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक मामले में कोई भी फैसला शांति से लेंगे तो आपका काम बन जाएगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए बनाया गया प्लान सफल होगा, व्यापार की गति पहले से तेज होगी।

कुंभ राशि:आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए नए सिरे से कोशिश करें।

मीन राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।

आजादी के बाद पहली बार ग्राम चांगेर में पहुंची विकास की रोशनी

धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक

ताराशंकर सिन्हा, सहायक संचालक, जनसंपर्क रायपुर

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िले के अबूझमाड़ क्षेत्र के कई दूरदराज और नक्सल-प्रभावित गांवों में दशकों के अंधेरे के बाद पहली बार बिजली पहुंचाई गई है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोण्डागांव जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित अति दुर्गम ग्राम चांगेर में आजादी लगभग 8 दशकों में पहली बार बिजली पहुंची है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से कराए गए विद्युतीकरण कार्य के फलस्वरूप गांव के सभी 23 घर अब रोशनी से जगमगा उठे हैं।

अंधेरे से उजाले तक का सफरनामा

प्रशासनिक और भौगोलिक कारणों से जिन क्षेत्रों में आठ दशकों तक बिजली नहीं पहुँच पाई थी, वहाँ सरकारी प्रयासों और विभिन्न ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं के जरिए रोशनी पहुँची है। ग्राम चांगेर के ग्रामीण वर्षों से बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित थे। शाम ढलते ही गांव में अंधेरा छा जाता था। बच्चों को पढ़ाई के लिए लालटेन का सहारा लेना पड़ता था, वहीं रात के समय आवागमन में भी ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बिजली के अभाव में दैनिक जीवन के अनेक कार्य प्रभावित होते थे। ऐसे में गांव में विद्युतीकरण होना ग्रामीणों के लिए लंबे इंतजार के बाद पूरी हुई एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

ग्राम चांगेर के सभी 23 घरों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए

ग्राम चांगेर तक विकास की रोशनी पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से 25.21 लाख रुपये की लागत से विद्युतीकरण कार्य कराया गया। इसके तहत गांव के सभी 23 घरों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल से ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा मिलने के साथ ही उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई संभावनाएं भी बनी हैं। लंबे समय से अंधेरे में जीवन गुजार रहे कई गाँवों और मजरों में पहली बार बिजली के बल्ब और की रोशनी पहुँची है। बिजली आने से ग्रामीणों और बच्चों को अंधेरे से राहत मिली है तथा रात के समय कामकाज और पढ़ाई में आसानी हुई है।

आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

ग्राम चांगेर में बिजली पहुंचने से बच्चों को अब शाम के समय बेहतर रोशनी में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, ग्रामीणों को घरेलू कार्यों में सुविधा और रात के समय आवागमन में सहूलियत मिलेगी। बिजली की उपलब्धता से शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। यह सुविधा ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सुरक्षित जीवन और बेहतर भविष्य की दिशा में एक नई शुरुआत

ग्राम चांगेर में पहली बार बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों के लिए यह केवल बिजली कनेक्शन मिलने की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों से प्रतीक्षित सुविधा, सुरक्षित जीवन और बेहतर भविष्य की दिशा में एक नई शुरुआत है।

विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा दूरस्थ चांगेर

माओवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा की स्थिति में सुधार के साथ विकास कार्यों को गति मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ एवं दुर्गम गांवों तक सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम चांगेर में विद्युतीकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो अंतिम छोर पर बसे परिवारों तक विकास का लाभ पहुंचाने और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प को दर्शाती है।


भारत की आज़ादी के 78 वर्षों बाद कोण्डागांव ज़िले के पूर्व में नक्सल-प्रभावित ग्राम चांगेर में दशकों के अंधेरे के बाद पहली बार बिजली पहुंचाई गई है। ग्रामीण झूम उठे और उनके चेहरों खुशी की लहर दिख रही है। सरकार ने सुदूर ग्रामीणों तक विकास कार्य पहुंचाने का काम किया है। मोदी सरकार का संकल्प स्पष्ट है कि विकास की रोशनी देश के अंतिम छोर तक पहुँचे, और कोई भी गांव अंधेरे में न रहे, उनकी इसी संकल्प को छत्तीसगढ़ की श्री विष्णु देव की सरकार साकार कर रही है।

K K

राष्ट्रीय समाचार

गुरुवार 12 नवम्बर 2026, नर्मदापुरम् (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5



पिता को विरासत में मिली जायदाद से क्या बेदखल हो सकता है बेटा? सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दादा की संपत्ति में पोते के कानूनी अधिकार और हिस्सेदारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और नजीर बनने वाला फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट शब्दों में व्यवस्था दी है कि किसी व्यक्ति को अपने पिता से विरासत में मिली पैतृक या स्वयं अर्जित संपत्ति में मिलने वाला हिस्सा उसकी पूर्ण निजी संपत्ति बन जाता है। ऐसी स्थिति में वह व्यक्ति उस संपत्ति का एकमात्र और पूर्ण मालिक होता है और उसे यह पूरा कानूनी अधिकार है कि वह अपनी मर्जी से अपने बेटे को इस संपत्ति से बाहर रख सके। अदालत के इस फैसले से यह साफ हो गया है कि पिता के जीवित रहते या उसकी इच्छा के विरुद्ध पोता अपने दादा की संपत्ति पर जन्मसिद्ध अधिकार का दावा नहीं ठोक सकता।

विरासत में मिली संपत्ति का पूर्ण मालिक होता है पिता, बेटे का दावा खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में संपत्ति कानून के प्रावधानों की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि जब किसी व्यक्ति को अपने पिता से कोई संपत्ति पैतृक तौर पर या वसीयत के जरिए प्राप्त होती है, तो उस हिस्से पर उसका एकाधिकार स्थापित हो जाता है। अदालत ने अपने अहम अवलोकन में कहा कि संबंधित व्यक्ति अपनी इस संपत्ति का प्रबंधन करने, उसे बेचने या किसी



को भी देने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है और वह चाहे तो अपने बेटों को भी इससे पूरी तरह बेदखल कर सकता है। कोर्ट ने साफ किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत हर पैतृक संपत्ति अपने आप संयुक्त परिवार की ऐसी संपत्ति नहीं बन जाती जिसमें अगली पीढ़ी का बिना शर्त अधिकार मान लिया जाए।

29 साल लंबी कानूनी लड़ाई का अंत, 1997 से चल रहे मुकदमे का निपटारा

जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस सुनीता अग्रवाल की दो सदस्यीय पीठ ने करीब 29 वर्षों से चली आ रही इस लंबी और जटिल कानूनी लड़ाई पर विराम लगाते हुए बेटे द्वारा दायर की गई संपत्ति बंटवारे की याचिका को सिरे से खारिज कर दिया। मामले के अनुसार, बेटे ने वर्ष 1997 में अपने पिता के खिलाफ मुकदमा दायर कर दावा किया था कि विवादित संपत्ति पैतृक और संयुक्त हिंदू परिवार की मिल्कियत है, लिहाजा कानूनन इसमें उसका भी जन्मजात हिस्सा बनता है।

निचली अदालतों से होते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी जंग, बेटे की दलीलें अमान्य

निचली अदालतों और उच्च न्यायालय से होते हुए जब यह विवाद सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंचा, तो शीर्ष अदालत ने सभी कानूनी पहलुओं, दस्तावेजों और उत्तराधिकार नियमों का बारीकी से अध्ययन किया। अदालत ने पाया कि पिता को अपने पिता से जो हिस्सा मिला था, उस पर पिता का पूर्ण स्वत्व बन चुका था। ऐसे में बेटा कानूनी तौर पर पैतृक या संयुक्त परिवार की संपत्ति का हवाला देकर जबरन बंटवारे की मांग नहीं कर सकता।

सुप्रीम कोर्ट के इस अंतिम फैसले ने पारिवारिक संपत्ति विवादों और पोते के पैतृक दावों को लेकर वर्षों से चले आ रहे भ्रम को पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

गुलमर्ग और मनाली में हुई ताजा बर्फबारी, पर्यटकों और पर्यटन से जुड़े लोगों में खुशी की लहर

जम्मू कश्मीर, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के मशहूर पर्यटन स्थलों गुलमर्ग और मनाली के आसपास हुई ताजा बर्फबारी ने इस पूरे इलाके को एक बेहद खूबसूरत विंटर वंडरलैंड में बदल दिया है। आसपास के पहाड़ सफेद बर्फ की सुंदर चादर से ढके हुए हैं, जिससे यहां के नजारे बेहद मनमोहक हो गए हैं। गुलमर्ग के कोंगडूरी और अफरवट में ताजा बर्फबारी हुई है। इस ताजा बर्फबारी ने यहां आने वाले पर्यटकों के बीच काफी उत्साह और खुशी भर दी है। साथ ही, स्थानीय निवासियों और पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों में भी इसे लेकर काफी खुशी देखी जा रही है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी ने गुलमर्ग में पर्यटन गतिविधियों के फिर से जोर पकड़ने की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। इसे पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे पर्यटन से जुड़े लोगों में नई उम्मीदें जगी हैं।

वहीं, पर्यटन नगरी मनाली की ऊंची पर्वत चोटियों पर ताजा हिमपात होने से पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर से चमक उठी हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद घाटी में ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है। मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को सर्दी का एहसास होने लगा है।

ताजा बर्फबारी से मनाली की खूबसूरती और निखर गई है। आने वाले दिनों में मनाली पहुंचने वाले पर्यटकों को ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फ के खूबसूरत नजारे देखने को मिल सकते हैं। बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखलाएं पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनने लगी हैं।

इससे पहले, सोमवार को कुल्लू में मौसम का मिजाज बदला और सीजन का पहला हिमपात देखा गया। कुल्लू विधानसभा के बंजार के जलोड़ी पास पर सीजन का पहला हिमपात हुआ।

असम में हुए रेल हादसे में सभी यात्री सुरक्षित, चार को मामूली चोटें : मुख्यमंत्री हिमंता

गुवाहाटी,(आरएनएस)। गुवाहाटी के पास दिगारू में बुधवार सुबह कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस के इंजन समेत 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, सभी यात्री सुरक्षित हैं। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। हम इस स्थिति को लेकर रेल मंत्रालय (भारत) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। फंसे हुए सभी यात्रियों को जरूरी चीजें उपलब्ध करा दी गई हैं और उनकी आगे की यात्रा के लिए एक दूसरी ट्रेन का इंतजाम कर दिया गया है। इससे पहले, भारतीय रेलवे ने इस घटना को लेकर विस्तृत जानकारी शेयर की। रेलवे के अनुसार, यह घटना बुधवार सुबह लगभग 6.54 बजे हुई, जब कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13125) को असम के दिगारू रेलवे स्टेशन पर किसी दूसरी ट्रेन को रास्ता देने के लिए रोका जा रहा था। उसी समय लोको पायलट ट्रेन की गति को नियंत्रित नहीं कर सके। इसके परिणामस्वरूप ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें इंजन और 5 कोच पटरी से उतर गए।भारतीय रेलवे ने शुरुआत में बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरी ट्रेन का इंतजाम किया गया है। रेलवे ने कहा, राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। एन. एफ. रेलवे के महाप्रबंधक (जनरल मैनेजर) अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं, ताकि बहाली के काम की निगरानी की जा सके।

फारस की खाड़ी में तेल टैंकर पर हमला, एक भारतीय नाविक घायल : केंद्रीय मंत्री सोनोवाल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। फारस की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले तेल-टैंकर पर हुए हमले में एक भारतीय नाविक के घायल होने की सूचना है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। सोनोवाल ने एक्स पोस्ट में बताया कि एमची फुजैराह एनर्जी नाम का यह जहाज अल-रुवाइस से दुबई जा रहा था, तभी इस पर किसी वस्तु (प्रोजेक्टाइल) से हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 10 नवंबर को, लाइबेरिया के झंडे वाले वीएलसीसी एमटी फुजैराह एनर्जी शिप जिसमें 6 भारतीय नाविक सवार थे, फारस की खाड़ी से अल-रुवाइस से दुबई जाते समय किसी वस्तु से हमला हुआ। इस हमले में चालक दल के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। उसे मामूली चोट आई है और आगे की मेडिकल जांच के लिए सुरक्षित रूप से किनारे पर ले आया गया है।

सोनोवाल ने आगे कहा कि बाकी 18 क्रू सदस्य, जिनमें 5 अन्य भारतीय नाविक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं।

मंत्री ने कहा, बाकी 18 क्रू सदस्य, जिनमें 5 अन्य भारतीय नाविक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं और उनके बारे में जानकारी मिल गई है। हम लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं और अपने नाविकों की सुरक्षा, चिकित्सा देखभाल और भलाई सुनिश्चित करने के लिए जहाज प्रबंधन कंपनी के साथ लगातार संपर्क में हैं।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में कमर्शियल शिपिंग और भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों से गुजरने वाले जहाजों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

कारसेवकों पर गोली चलवाने के लिए रामलला से माफी भी मांगें अखिलेश : ब्रजेश पाठक

लखनऊ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में अयोध्या स्थित राम मंदिर और सनातन धर्म को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंत्री दयाशंकर सिंह ने निशाना साधा है। भाजपा नेताओं ने अखिलेश यादव पर चुनावी लाभ के लिए सनातन संस्कृति और हिंदू समाज का समर्थन करने का दिखावा करने का आरोप लगाया। साथ ही, राम मंदिर में दर्शन और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में कारसेवकों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर भी सवाल उठाए। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कभी भी सच्चे मन से सनातन धर्म को नहीं अपनाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव आगामी चुनावों में वोट हासिल करने के लिए सनातन संस्कृति और हिंदुओं का समर्थन करने का दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को हिंदुओं के कल्याण से कोई



लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा की राजनीति तुष्टीकरण, वोट बैंक और जातिगत समीकरणों पर आधारित है। पार्टी के पास आम लोगों के कल्याण के लिए कोई ठोस योजना नहीं है।

वहीं, सपा सांसद सनातन पांडेय के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति के तहत इस तरह के बयान देती है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति निहत्थे लोगों पर गोली चलाने की विचारधारा को स्वीकार नहीं करती।

पाठक ने आरोप लगाया कि सपा एक तरफ हिंदू वोट हासिल करना चाहती है और भगवान श्रीराम की शरण में जाना चाहती है जबकि दूसरी तरफ उसकी राजनीति तुष्टीकरण पर आधारित है। सपा नेता सच्चे मन से भगवान राम और हनुमान के भक्त नहीं हो सकते।

इस बीच, प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह ने भी अखिलेश यादव को राम मंदिर जाकर दर्शन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव अयोध्या जा रहे हैं, तो उन्हें मंदिर में दर्शन कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में कारसेवकों पर हुई गोलीबारी की घटना के लिए भगवान श्रीराम से क्षमा मांगनी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव समुदाय विशेष के वोट हासिल करने के कारण मंदिर जाने से बच रहे हैं।

सीएम योगी 1,146 कनिष्क सहायकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, कहा- पीएम के मार्गदर्शन में सरकार ने बदली कार्य-संस्कृति



लखनऊ ,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से राजस्व विभाग के लिए चयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इसके साथ ही अन्नदाताओं की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 4,300 लाभार्थी परिवारों को 215 करोड़ रुपए की सहायता राशि का वितरण भी किया जाएगा। इसके पहले, सीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस कार्य-संस्कृति को बदला है। आज सरकारी नौकरी में सिफारिश नहीं, योग्यता का सम्मान होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नव-चयनित युवाओं को अग्रिम बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, युवाओं की प्रतिभा को सम्मान और संकट की घड़ी में अन्नदाता के परिवार को संबल प्रदान करना डबल इंजन सरकार का संकल्प है। इसी संकल्प के विस्तार में आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से निष्पक्ष व पारदर्शी प्रक्रिया से राजस्व विभाग के लिए नव-चयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति-पत्र के साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 4,300 लाभार्थियों को 215 करोड़ रुपए की सहायता राशि वितरित की जाएगी। उन्होंने आगे लिखा, आज का यह कार्यक्रम उस बदली हुई कार्य-संस्कृति का प्रमाण है, जिसमें युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर और संकटग्रस्त किसान परिवारों को सम्मानपूर्वक सहायता मिल रही है।

तप और दीक्षा से ही राष्ट्र, बल और सामर्थ्य की हुई उत्पत्ति, पीएम मोदी ने साझा किया सुभाषित

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सुभाषित साझा किया है। इस सुभाषित के जरिए संदेश दिया है कि तप और दीक्षा से ही राष्ट्र, बल और सामर्थ्य की उत्पत्ति होती है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर संस्कृत श्लोक, भद्रमिच्छन्त ऋषय: स्वर्विदस्तपो दीक्षामुपनिषेदुरग्रे। ततो राष्ट्रं बलमोजश्च जातं तदस्मै देवा उपसन्नमन्तु॥ साझा किया है। इस श्लोक का अर्थ है कि सबके कल्याण की इच्छा करने वाले, स्वर्ग के ज्ञाता ऋषियों ने सबसे पहले तप और दीक्षा का आश्रय लिया। उस तप और दीक्षा से ही राष्ट्र, बल और सामर्थ्य की उत्पत्ति हुई। ऐसे विकासोन्मुखी राष्ट्र और उसकी सामर्थ्य को सभी देवता नमन करते हैं। यह मंत्र अथर्ववेद (शौनक संहिता, काण्ड 19, सूक्त 41, मंत्र 1) से लिया गया है। यह मंत्र इस बात पर प्रकाश डालता है कि एक सशक्त, ओजस्वी और समृद्ध राष्ट्र की नींव भोग-विलास से नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या, अनुशासन और सामूहिक कल्याण की भावना से होती है। इसमें ऋषियों (द्रष्टाओं और मार्गदर्शकों) के संकल्प को राष्ट्र के निर्माण और उसकी ऊर्जा (बल और ओज) का मूल स्रोत बताया गया है।

बता दें कि अथर्ववेद-संहिता हिन्दू धर्म के पवित्रतम वेदों में से चौथे वेद, अथर्ववेद, की संहिता, अर्थात् मंत्र-भाग है। इस वेद को ब्रह्मवेद भी कहते हैं। इसमें देवताओं की स्तुति के साथ चिकित्सा, विज्ञान और दर्शन के भी मंत्र हैं। कहा गया है कि जिस राजा के राज्य में अथर्ववेद जानने वाला विद्वान शांति-स्थापन के कर्म में निरत रहता है, वह राष्ट्र उपद्रवरहित होकर निरन्तर उन्नति करता जाता है।

पूर्व पुलिस आयुक्त भास्कर राव ने प्रियांक खड़गे को लिखा पत्र, आरएसएस पर बयान को बताया गैर-जिम्मेदाराना

बेंगलुरु, (आरएनएस)। बेंगलुरु के सेवानिवृत्त पुलिस आयुक्त भास्कर राव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे के बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रियांक खड़गे को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वे गृह विभाग की प्रतिष्ठा को कम न करें। साथ ही विभाग और कर्नाटक पुलिस की गरिमा, मर्यादा व संस्थागत अखंडता को बनाए रखें। भास्कर राव ने संघ को निशाना बनाते हुए प्रियांक खड़गे के हालिया बयानों, विशेष रूप से नरेंद्र दाभोलकर, एमएम कलबुर्गी और गौरी लंकेश की हत्याओं के संबंध में टिप्पणियों पर चिंता जताई। उन्होंने पत्र में लिखा, आपका यह बयान कि संघ वालों ने उन्हें मारा, जिसमें आप सीधे तौर पर इन हत्याओं के लिए संघ के सदस्यों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना है। केवल राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए इस तरह के व्यापक आरोप नहीं लगाए जा सकते। उन्होंने कहा, आपराधिक जांच सबूतों पर आधारित होनी चाहिए, और अपराध की पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से होनी चाहिए। एक जिम्मेदार सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति को राजनीतिक आरोपों, जांच के निष्कर्षों और न्यायिक फैसलों के बीच का अंतर समझना चाहिए।

भास्कर राव ने कहा कि गृह मंत्री किसी विशेष आपराधिक जांच के प्रवक्ता नहीं बन सकते, लंबित मामलों में खुद कोई निष्कर्ष नहीं सुना सकते और न ही जांच अधिकारियों व अदालतों के निष्कर्षों की जगह अपनी राजनीतिक राय रख सकते हैं। गृह मंत्री न तो जांच अधिकारी की भूमिका निभा सकते हैं और न ही अपने पद के अधिकार का उपयोग करके किसी विशेष आपराधिक मामले के बारे में जनता की धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

साथ ही, सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए पूर्व पुलिस आयुक्त ने कहा, क्या आपकी (प्रियांक खड़गे) तथाकथित फैक्ट-चेकिंग एजेंसी तब काम करना बंद कर देती है, जब खुद गृह मंत्री ही कोई संदिग्ध जानकारी फैला रहे हों? जब गृह मंत्री खुद ही एआई से बनी या बदली हुई तस्वीर साझा करें, तो उनके दावों की जांच कौन करेगा?

उन्होंने कहा, बिहार-हरियाणा गोला-बारूद तस्करी मामले में, एक आधिकारिक एक्स अकाउंट से आरोपियों का आरएसएस से संबंध जोड़ने की कोशिश की गई। बाद में इस तस्वीर पर सवाल उठे कि इसे एआई की मदद से बदला गया है। रिपोर्ट्स में असली तस्वीर और वायरल हुई तस्वीर के बीच अंतर भी बताए गए। यह बात और भी अजीब है, क्योंकि आपकी सरकार और आपके अपने राजनीतिक बयानों में बार-बार इस बात पर जोर दिया जाता है कि फैक्ट-चेकिंग के जरिए फेक न्यूज की पहचान की जानी चाहिए और उनसे निपटा जाना चाहिए। आप दूसरों से जवाबदेही की मांग नहीं कर सकते, जबकि खुद को उन्हीं पैमानों से अलग रखें।

चलती ट्रेन से उतरते वक्त पायदान में फंसा महिला का पैर, 30 मीटर तक घिसटी; आरपीएफ जवान ने यूं बचाई जान

किशनगढ़, (आरएनएस)। राजस्थान के किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुबह उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में एक महिला का पैर कोच के पायदान और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। ट्रेन रफ्तार पकड़ने लगी और बेबस महिला करीब 30 मीटर तक पटरी और प्लेटफॉर्म के बीच घिसटती चली गई। इसी दौरान प्लेटफॉर्म पर मुस्तैद आरपीएफ के एक सतर्क जवान की नजर महिला पर पड़ गई। जवान ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए गार्ड को आपातकालीन लाल झंडी/इशारा कर ट्रेन रुकवाई और दौड़कर यात्रियों की मदद से महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना का पूरा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर सुबह 7:49 बजे मची चीख-पुकार

आरपीएफ चौकी प्रभारी के अनुसार, यह घटना सुबह लगभग 7:45 बजे किशनगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर हुई। ट्रेन संख्या 12992 जयपुर-उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्टेशन पर आकर रुकी थी। ट्रेन के जनरल कोच में किशनगढ़ की रहने वाली 42 वर्षीय सोनू पत्नी रामरतन सवार थीं। सुबह 7:49 बजे जब ट्रेन अजमेर की ओर रवाना होने लगी, तो महिला ने चलती ट्रेन से उतरने की जल्दबाजी की। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और उनका दायां पैर कोच के पायदान (फुटबोर्ड) और प्लेटफॉर्म के बीच बने गैप में फंस गया। महिला संभल पातीं, इससे पहले ट्रेन आगे बढ़ गई और वह करीब 10 सेकेंड तक लगभग 30 मीटर की दूरी तक ट्रेन के साथ घिसटती चली गईं, जिससे पूरे प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।



आरपीएफ कॉन्स्टेबल की तत्परता आई काम, रुकवाई ट्रेन

प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर गश्त कर रहे आरपीएफ कॉन्स्टेबल निरंजनलाल ने जैसे ही महिला को घिसटते देखा, उन्होंने बिना एक पल गंवाए ट्रेन के गार्ड को आपातकालीन रुकने का इशारा किया। सतर्कता के चलते चालक दल ने तुरंत ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद कॉन्स्टेबल निरंजनलाल ने दौड़ते हुए मौके पर पहुंचकर अन्य सहयात्रियों के सहयोग से महिला को प्लेटफॉर्म और कोच के बीच से सुरक्षित बाहर खींच लिया। यदि ट्रेन कुछ मीटर और आगे बढ़ जाती, तो महिला सीधे पटरियों के नीचे आ सकती थी और एक बड़ी जानलेवा त्रासदी हो सकती थी।

पैर में फ्रैक्चर, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज; CCTV में कैद हुआ खौफनाक मंजर

हादसे के तुरंत बाद आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों की सहायता से घायल महिला को किशनगढ़ के राजकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मानसिंह शेखावत ने बताया कि हादसे में महिला के दाएं पैर के घुटने के नीचे गंभीर फ्रैक्चर हुआ है। इसके अलावा शरीर पर घिसटने के कारण कई जगह गहरी चोटें और खरोंचें आई हैं, जिनका इलाज जारी है और महिला की हालत अब खतरे से बाहर है। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह खौफनाक मंजर साफ तौर पर कैद हुआ है, जिसमें जवान की त्वरित कार्रवाई की जमकर सराहना हो रही है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

डीआर कॉंगो : इबोला के ख़िलाफ़ नई उम्मीद, परीक्षण में शामिल होंगे दो नए टीके

कॉंगो (ए.)। लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC) में इबोला वायरस के जानलेवा प्रकोप के बीच, दो नए टीकों के परीक्षण की सिफ़ारिश की गई है. इबोला वायरस की बुंडिबुग्यो प्रजाति से बचाव के लिए विकसित इन टीकों से बीमारी पर क़ाबू पाने की नई उम्मीद जगी है परीक्षण में शामिल किए जाने वाले दो नए टीके हैं – ChAdO×1, जिसे ऑक्सफ़र्ड विश्वविद्यालय ने भारत के सीरम इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर विकसित किया है, और mRN-1469, जिसे अमेरिकी दवा कम्पनी मॉडर्ना ने तैयार किया है.विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने अपने स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की सिफ़ारिश पर इन दोनों टीकों को परीक्षण में शामिल करने का फ़ैसला किया है. यह पहली बार होगा जब ख़ासतौर पर बुंडिबुग्यो वायरस से बचाव के लिए विकसित टीकों का परीक्षण, बीमारी का प्रकोप जारी रहने के दौरान किया जाएगा.WHO के महानिदेशक टैड्रॉस एडहेनॉम घेबरेयेसस ने कहा, इन टीकों का क्लीनिकल परीक्षण के लिए तैयार होना, विज्ञान और साझेदारी की ताक़त का प्रमाण है.उन्होंने कहा कि अकेले टीकों से इस प्रकोप को समाप्त नहीं किया जा सकता, लेकिन ये बीमारी पर क़ाबू पाने का एक नया और प्रभावी उपाय साबित हो सकते हैं.संक्रमण के बीच नई उम्मीदडब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ समूह ने उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाणों की समीक्षा के बाद इसी सप्ताह दोनों टीकों के क्लीनिकल परीक्षण की सिफ़ारिश की है.डीआर कॉंगो में इबोला वायरस की दुर्लभ बुंडिबुग्यो प्रजाति का जानलेवा प्रकोप लगभग छह महीनों से जारी है. यह देश के इतिहास में इबोला का सबसे बड़ा प्रकोप है. 1 नवम्बर तक संक्रमण के 10 हज़ार से अधिक मामलों की पुष्टि हुई थी और पाँच हज़ार से ज़्यादा लोगों की मौत हो चुकी थी.इस बीच, यूएन स्वास्थ्य एजेंसी, तुमाइनी (Tumaini) नामक बहु-टीका परीक्षण में सहयोग प्रदान कर रहा है. स्वाहिली भाषा में इसका अर्थ है उम्मीद. यह परीक्षण 23 अक्टूबर को देश के पूर्वोत्तर में स्थित बुनिया शहर में शुरू हुआ, जो इतुरी प्रान्त की राजधानी और इबोला प्रकोप का मुख्य केन्द्र है

ईरान ने फ्रांस के आरोप को नकारा, बोला - साइबर हमले से कोई लेना-देना नहीं

तेहरान/पेरिस (ए.) । ईरानी विदेश मंत्रालय ने फ्रांस के लगाए साइबर अटैक आरोप को बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बता कर खारिज कर दिया है। फ्रांस ने अक्टूबर में सैकड़ों सुपरमार्केट के रेफ्रिजरेशन सिस्टम पर हुए साइबर हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था। मंगलवार (स्थानीय समय) को जारी एक बयान में, मंत्रालय ने इसे घिसी-पिटी नीति बताते हुए निंदा की। मंत्रालय ने कहा कि यह नया आरोप उन पुराने दावों की ही एक कड़ी है, जिसका मकसद फ्रांस की ईरान और पश्चिम एशिया क्षेत्र के प्रति विनाशकारी नीतियों से लोगों का ध्यान भटकाना है। मंत्रालय ने इसे एक गैर-जिम्मेदाराना और बचकाना कदम बताया, जिसका उद्देश्य ईरान की छवि खराब करना और अन्य देशों के साथ उसके संबंधों में खटास पैदा करना है।

मंत्रालय ने कहा कि अवैध विदेशी गतिविधियों के सामने अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए ईरान जरूरी और उचित कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने सोमवार को कहा कि रेफ्रिजरेशन सिस्टम को निशाना बनाकर किए गए साइबर हमले के लिए ईरान का इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स जिम्मेदार है।

पाकिस्तान में प्रदूषण का ठीकरा भारत पर, मंत्री मरियम औरंगजेब बोलीं- भारत की हवा से बिगड़े हालात

इस्लामाबाद(ए.)। भारत में दीपावली के बाद उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में बढ़े वायु प्रदूषण और स्मॉग को लेकर अब पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने अनर्गल बयानबाजी शुरू कर दी है। पाकिस्तान ने अपने शहरों में जहरीली हो चुकी हवा और दमघोंटू धुंध के लिए सीधे तौर पर भारत से आ रही हवाओं को जिम्मेदार ठहराया है। स्विस एयर क्वालिटी ट्रैकर 'आईक्यूएयर' (IQAir) की ताजा वैश्विक रैंकिंग में पाकिस्तान का प्रमुख सांस्कृतिक शहर लाहौर लगातार दूसरे दिन दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष पायदान पर दर्ज किया गया है। लाहौर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 263 तक जा पहुंचा है, जिसे स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक और अस्वास्थ्यकर श्रेणी में माना जाता है। अपनी नाकामी छुपाने के लिए पाकिस्तानी हुक्मरान अब सीमा पार से आ रहे धुएं का रोना रो रहे हैं।



WHO के मानकों से 37 गुना अधिक जहरीला हुआ लाहौर, फेफड़ों पर गहरा वार आईक्यूएयर द्वारा जारी वैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार, लाहौर के वातावरण में अति-सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 (PM 2.5) की सघनता विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा तय वार्षिक सुरक्षित दिशा-निर्देशों से 37.2 गुना अधिक दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि पीएम 2.5 के बेहद बारीक कण इतने सूक्ष्म और घातक होते हैं कि वे सांस के जरिए सीधे फेफड़ों की गहराइयों तक पहुंचकर रक्त में घुल जाते हैं, जिससे गंभीर श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। हवा में फैले इस भारी जहर के कारण लाहौर के नागरिकों को आंखों में तेज जलन, सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

पाकिस्तानी मंत्री मरियम औरंगजेब ने लगाया भारत पर आरोप, मौसम बदलने की लगाई आस

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पर्यावरण संरक्षण मंत्री मरियम औरंगजेब ने लाहौर और आसपास के इलाकों में बिगड़े हालात का ठीकरा भारत पर फोड़ते हुए कहा कि दीपावली के बाद भारतीय क्षेत्रों से चलने वाली हवाएं अपने साथ भारी मात्रा में प्रदूषक तत्व पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में ले आई हैं। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि दोपहर के बाद हवा की रफ्तार और दिशा में बदलाव आने से प्रदूषण के स्तर में कुछ कमी देखने को मिल सकती है।

अमेरिका की डिपोर्टेशन योजना को झटका, पाक ने ईरानी नागरिकों को लेने से किया इनकार; बीच रास्ते से लौटी फ्लाइट



इस्लामाबाद (ए.)। अमेरिका से गैर-कानूनी प्रवासियों और विदेशी नागरिकों को डिपोर्ट करने के अभियान को उस वक्त अप्रत्याशित झटका लगा, जब कम से कम 9 ईरानी नागरिकों को लेकर जा रही एक अमेरिकी डिपोर्टेशन फ्लाइट को बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। यह विमान पाकिस्तान के रास्ते ईरानी नागरिकों को उनके देश भेजने के लिए रवाना हुआ था, लेकिन पाकिस्तान सरकार द्वारा अंतिम समय में इन प्रवासियों को अपने यहां उतारने से साफ इनकार किए जाने के बाद विमान को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। इसके बाद फ्लाइट को वापस अमेरिका की ओर मोड़ दिया गया और वह एरिजोना के मेसा में उतरी।पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजने की थी योजना, डिटेंशन सेंटर वापस भेजे गए नागरिक

अमेरिकी अखबार 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' (NYT) की एक विशेष रिपोर्ट के मुताबिक, इस विमान में सवार सभी ईरानी नागरिकों को एरिजोना स्थित डिटेंशन सेंटर से डिपोर्ट किया जा रहा था। अमेरिकी विदेश और गृह सुरक्षा विभाग की योजना के तहत पहले इस विमान को पाकिस्तान में लैंड कराना था और वहां से एक ट्रांजिट प्रक्रिया के तहत इन सभी लोगों को सीमा पार या अन्य उड़ानों के जरिए ईरान भेजा जाना था। हालांकि, पाकिस्तान के अचानक हाथ पीछे खींचने के बाद मिशन को बीच में ही रोकना पड़ा। एरिजोना के मेसा में आपातकालीन वापसी लैंडिंग के बाद सभी 9 ईरानी नागरिकों को कड़ी सुरक्षा के बीच दोबारा स्थानीय इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में बंद कर दिया गया है।

पाकिस्तान के रुख पर उठे सवाल, ट्रांजिट रूट की रणनीति अधर में लटकी

इस पूरे घटनाक्रम पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर कोई विस्तृत टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, कुछ समय पूर्व पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सज्जाद हैदर खान ने संकेत दिया था कि अमेरिका से पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान भेजे जाने वाले निर्वासितों के मामले में एक व्यवस्था पर विचार चल रहा है। उल्लेखनीय है कि एरिजोना से ईरानी नागरिकों के समूह को डिपोर्ट करने का यह दूसरा प्रयास था, जिसे अचानक रद्द करना पड़ा है। इस घटना ने अमेरिकी डिपोर्टेशन अभियान में पाकिस्तान की भूमिका और उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बांग्लादेश में हिंसा : बस को उपद्रवियों ने जलाया, चालक की मौत

ढाका (ए.)। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन तेज हो गए हैं। सोमवार रात से मंगलवार दोपहर तक देश के करीब 21 जिलों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। बसों और ट्रेन के कोच में आग लगाई गई। सरकारी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों के गेट भी बंद कर दिए गए। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, सोमवार देर रात फरीदपुर शहर के गोलाचामट इलाके में एक बस को आग लगा दी गई। पुलिस के मुताबिक, बाइक पर तीन लोग आए थे। इनमें से एक ने बस पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। घटना के समय बस ड्राइवर मोहम्मद कलाचन अंदर सो रहे थे। आग लगने के बाद वे बाहर निकले, लेकिन धुएं से उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कलाचन गोपालगंज जिले के मुक्सुदपुर उपजिला के दिगनगर गांव के रहने वाले थे।

पुलिस को शक है कि हिंसा करने वाले प्रदर्शनकारियों का संबंध पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग से है। पुलिस के मुताबिक, हसीना की बांग्लादेश वापसी की घोषणा के बाद ही हिंसक गतिविधियों में इजाफा हुआ। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी शुरुआती दौर में है।

वहीं, अवामी लीग ने पुलिस के आरोपों को खारिज किया है। पार्टी के प्रवक्ता मोहम्मद अली आराफात ने दावा किया कि विरोधी गुट पार्टी को बदनाम करने और हमलों का आरोप उस पर डालने के लिए ये घटनाएं करवा रहे हैं।

मनोरंजन

लंबे समय तक ब्रेक के बाद एक्सरसाइज करने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स

अगर आप लंबे समय तक कसरत नहीं कर रहे हैं और फिर से इसका अभ्यास शुरू करने जा रहे हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए आपको धीरे-धीरे शुरुआत करनी चाहिए और अपनी क्षमता के अनुसार ही कसरत करनी चाहिए। इसके अलावा सही उपकरणों का उपयोग और वार्म-अप करना भी जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप आराम से कसरत कर सकते हैं।



धीरे-धीरे शुरू करें

अगर आप लंबे समय से कसरत नहीं कर रहे हैं तो एकदम से इसे शुरू करने की गलती न करें। पहले दिन केवल 5-10 मिनट की हल्की कसरत करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।इसके लिए पहले दिन हल्की स्ट्रेचिंग करें और फिर धीरे-धीरे अन्य गतिविधियों को शामिल करें। इससे आपका शरीर अनुकूल हो जाएगा और आप बिना किसी समस्या के नियमित कसरत कर पाएंगे। ध्यान रखें कि शुरुआत में हल्के वजन से शुरुआत करें और धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं।

अपनी क्षमता को समझें

कसरत करते समय अपनी क्षमता को समझना बहुत जरूरी है। अगर आप ज्यादा वजन उठाने की कोशिश करेंगे तो चोट लगने की संभावना बढ़ सकती है। इसलिए पहले हल्के वजन से शुरू करें और फिर धीरे-धीरे बढ़ाएं।इसके अलावा अपनी शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही कसरत करें। इससे आप बिना किसी समस्या के नियमित कसरत कर पाएंगे और आपकी सेहत भी बेहतर होगी। हमेशा अपनी सीमाओं को समझकर ही आगे बढ़ें।

सही उपकरणों का उपयोग करें

कसरत करते समय सही उपकरणों का उपयोग करना बहुत जरूरी है। जिम जाते समय अपने साथ पानी की बोतल, तौलिया और आरामदायक कपड़े जरूर रखें।इसके अलावा अगर आप घर पर ही कसरत कर रहे हैं तो भी सही उपकरणों का उपयोग करें जैसे कि योगा मैट, डंबल आदि। इससे आपकी कसरत और भी प्रभावी होगी और आप बिना किसी समस्या के नियमित रूप से अभ्यास कर सकेंगे। सही उपकरणों का उपयोग करने से आपकी सेहत भी बेहतर होगी।

वार्म-अप करना न भूलें

कसरत शुरू करने से पहले वार्म-अप करना बहुत जरूरी है क्योंकि यह आपके शरीर को तैयार करता है और चोट लगने की संभावना कम करता है। इसके लिए हल्की दौड़ लगाएं या कुछ मिनट तक रस्सी कूदें।इसके अलावा स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज भी करें ताकि मांसपेशियां लचीली हों और शरीर में खून का संचार बेहतर हो सके।वार्म-अप करने से आपका शरीर कसरत के लिए तैयार हो जाएगा और आप बिना किसी समस्या के नियमित रूप से अभ्यास कर सकेंगे।

आराम भी है जरूरी

कसरत के साथ-साथ आराम करना भी उतना ही जरूरी है जितना कि कसरत करना।अगर आप लगातार बिना आराम किए कसरत करेंगे तो इससे थकान हो सकती है और शरीर पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए हर दिन पूरी नींद लें और कभी-कभी ब्रेक लेकर शरीर को आराम करने दें।इससे आपका शरीर ताजगी महसूस करेगा और आप बेहतर तरीके से कसरत कर पाएंगे। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप आसानी से अपनी सेहत को बढ़ा सकते हैं।

रश्मिका-विजय की आलोचना करने वालों पर भड़के करण जौहर, पूछा- तुम क्या काउंसलर हो?

करण जौहर ने रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा का समर्थन किया है। उन्होंने लोगों पर कपल के रिश्ते को जज करने और इससे भी ज्यादा, उनके परिवारों को इस चर्चा में घसीटने के लिए जमकर खरी-खोटी सुनाई। फिल्ममेकर ने सवाल किया कि लोग क्यों मानते हैं कि उन्हें यह तय करने का हक है कि एक कपल को अपने रिश्ते में कैसा बर्ताव करना चाहिए।

बता दें, रश्मिका और विजय हाल ही में कॉफी विद करण 9 में पहुंचे थे।करण ने कहा, 'सबको अपनी राय रखने का हक है। लेकिन जब आप उन्हें यह बताना शुरू करते हैं कि उस रिश्ते में क्या करना है, तो मुझे बड़ी दिक्कत होती है। आप कौन हैं? क्या आप काउंसलर हैं? क्या आप वकील हैं? क्या आप उनके परिवार के सदस्य हैं? आप उनके परिवारों पर टिप्पणी कर रहे हैं। आप किसी भी सेलिब्रिटी पर अपनी राय रख सकते हैं। उनके परिवारों को नीचा मत दिखाओ। फिल्ममेकर ने याद किया कि कैसे दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह को कॉफी विद करण 8 में आने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।उन्होंने बताया कि उस वक्त भी कपल के रिश्ते और शादी के बारे में उनकी बातें चर्चा का विषय बन गईं, और कई लोगों ने उनके इक्वेशन पर सवाल उठाए थे।करण ने रश्मिका और विजय के रिश्ते और उनकी ईमानदारी की तारीफ की और ट्रोलर्स से इस बात की तारीफ करने को कहा।यह विवाद तब शुरू हुआ जब रश्मिका और विजय कॉफी विद करण 9 में शामिल हुए थे।एक



बातचीत के दौरान, अभिनेता ने मजेदार अंदाज में खुलासा किया था कि शादी से पहले रश्मिका ने उनसे 100 बार शादी के लिए पूछा था। इसके बाद वह राजी हुए।उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया था और रेड फ्लैग घोषित किया था। हालांकि, कपल ने आलोचनाओं का मुंहतोड़ जवाब दिया था।

'हुशारु 2' का मजेदार टीजर जारी, टकीला के कारोबार में फंसे दोस्तों की कहानी आएगी सामने

वर्ष 2018 में प्रदर्शित हुई सफल तेलुगु फिल्म 'हुशारु' के सीक्वल 'हुशारु 2' को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ गया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है, जिसमें हास्य, रोमांच और अजीबोगरीब घटनाओं की झलक देखने को मिलती है। इस बार अभिनेता अशोक गल्ला मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीजर में दोस्तों के एक समूह की कहानी दिखाई गई है, जो कारोबार के दौरान अप्रत्याशित परिस्थितियों में फंस जाता है और देखते ही देखते पूरी कहानी में अफरा-तफरी मच जाती है।

'हुशारु 2' की कहानी पहले भाग से आगे बढ़ते हुए दोस्तों के समूह के इर्द-गिर्द घूमती है। इस बार वे चित्तारागुंज में टकीला का कारोबार करते दिखाई देंगे, जबकि पहली फिल्म में उनका व्यवसाय बीयर से जुड़ा था। कारोबार के दौरान उन्हें कई चौंकाने वाले अनुभवों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं घटनाओं से हास्य और रोमांच पैदा होता है, जो फिल्म को मनोरंजक बनाने का प्रयास करता है।

फिल्म का सबसे चर्चित पहलू अभिनेता और सामाजिक कार्यकर्ता नारायण मूर्ति का किरदार है। वह इस फिल्म में नक्सली की भूमिका निभाते नजर आएंगे। उनके इस अलग अंदाज ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है।

प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनास ने तमिल गाने पर किया जबरदस्त डांस, वीडियो वायरल

प्रियंका चोपड़ा के विदेश पति निक जोनास का कॉन्सर्ट से पहले किसी बॉलीवुड गाने पर झूमना कोई नई बात नहीं है। अक्सर वो स्टेज पर उतरने से पहले हिंदी गानों से माहौल जमाते नजर आते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने एक कदम आगे बढ़ाकर अपने भारतीय फैंस को सरप्राइज दिया है। निक अपने भाइयों जो और केविन जोनस के साथ मशहूर युवा संगीतकार साई अभ्यंकर के वायरल तमिल इंडी हिट गाने राधिमा पर धमाकेदार डांस करते नजर आए।



सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक प्यारे वीडियो में निक अपने भाइयों के साथ राधिमा गाने पर जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। इस क्लिप के जरिए यूं तो उन्होंने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दीं, लेकिन उनके गाने के चुनाव ने हर किसी का दिल जीत लिया। तमिल गाने के कंपोजर साई अभ्यंकर भी निक का डांस देखकर खुश हो गए। उन्होंने निक के पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी शेयर करते हुए प्यार से भाई लिखा।

बता दें कि प्रियंका चोपड़ा से शादी के बाद निक को भारत में नेशनल जीजू कहा जाने लगा था और अब फैंस ने उन्हें एक नया प्यार भरा नाम दिया है। गाने के बोल तंगामान पय्यन का मतलब गोल्ड बॉय है। फैंस ने इस नाम को निक से जोड़ दिया है।

इस तरह निक को नेशनल जीजू के साथ अब एक नया नाम भी मिल गया है। तमिल गाने पर उनका डांस देखकर साउथ के फैंस भी काफी खुश हैं।

घर के रखरखाव से जुड़े ये कार्य न करें नजरअंदाज, हो सकती हैं समस्याएं



घर की देखभाल करना एक जरूरी कार्य है, जिसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अक्सर लोग छोटे-मोटे कामों को टाल देते हैं और यह आदत भविष्य में बड़ी समस्याओं का कारण बन सकती है। इस लेख में हम कुछ ऐसे कार्यों के बारे में बात करेंगे, जिन्हें नियमित रूप से करना चाहिए ताकि आपके घर में कोई बड़ी दिक्कत न हो और आपका घर हमेशा सुरक्षित और आरामदायक बना रहे।

लीकिंग नलियों की समस्या को न करें नजरअंदाज

अगर आपके घर में कहीं नली से पानी टपक रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें। लीकिंग नलियां पानी की बर्बादी का कारण बनती हैं और इससे पानी का बिल भी बढ़ सकता है।इसके अलावा लीक से दीवारों में नमी आ सकती है, जो लंबे समय में नुकसान पहुंचा सकती है।इसके लिए आप एक प्लंबर को बुलाकर समस्या का समाधान करवा सकते हैं और अपने घर को सुरक्षित रख सकते हैं।

छत पर ध्यान दें

छत पर समय-समय पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। अगर आपकी छत में दरारें या छेद हो गए हैं तो उन्हें तुरंत ठीक करवाएं।इन दरारों से बारिश का पानी अंदर आ सकता है, जिससे घर में नमी और फंगस हो सकता है।

इसके अलावा छत की सफाई भी करें ताकि किसी भी प्रकार की समस्या से बचा जा सके। नियमित देखभाल से आपकी छत लंबे समय तक सही बनी रहेगी।

बिजली के तारों की जांच करें

बिजली के तारों की जांच करना भी जरूरी है। अगर आपके घर में पुराने या ढीले तार लगे हुए हैं तो उन्हें ठीक करवाएं। ढीले तारों से शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जिससे आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।इसके अलावा इनसे करंट आने का भी खतरा रहता है। इसलिए समय-समय पर इनकी जांच और मरम्मत करवाते रहें।नए तारों का उपयोग करें और पुराने तारों को बदलें ताकि घर में कोई भी बिजली से संबंधित समस्या न हो।

दरवाजों और खिड़कियों की फिटिंग देखें

दरवाजों और खिड़कियों की फिटिंग भी बहुत जरूरी होती है। अगर कोई दरवाजा या खिड़की ढीली हो गई हो तो उसे ठीक करवाएं ताकि हवा और धूल अंदर न आ सके।इसके अलावा इससे आपकी सुरक्षा भी बढ़ती है और घर का माहौल साफ-सुथरा बना रहता है।नियमित रूप से इनकी जांच करते रहें और जरूरत पड़ने पर इन्हें बदलें या मरम्मत करवाएं ताकि आपके घर में कोई भी समस्या न हो।

पाइपलाइन सिस्टम पर ध्यान दें

पाइपलाइन सिस्टम पर ध्यान देना भी जरूरी है। अगर पाइपलाइन में कोई समस्या हो तो उसे तुरंत ठीक करवाएं। गलत पाइपलाइन से पानी की बर्बादी होती है और इससे घर में नमी भी आ सकती है।इसके अलावा इससे फंगस होने का खतरा बढ़ जाता है।नियमित रूप से पाइपलाइन की सफाई करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत विशेषज्ञ को बुलाकर मरम्मत करवाएं ताकि आपके घर में कोई भी समस्या न हो।

रायपुर जिले में 15 से धान खरीदी, तैयारियां अंतिम चरण में



रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप रायपुर जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। किसानों को अपनी उपज बेचने में अधिक सुविधा मिले, इसके लिए जिले में इस वर्ष 21 नवीन धान उपार्जन केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। इन केंद्रों में धान खरीदी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि धान खरीदी राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि धान बेचने आने वाले वास्तविक किसानों को उपार्जन केंद्रों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। धान खरीदी का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचे, इसके लिए कोचियों एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

भाजपा प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी धरमजयगढ़ पहुंचीं, जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का लिया जायजा



रायपुर, (आरएनएस)। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा प्रदेश प्रभारी ईरानी रायपुर पहुंचेंगी। वहां से वे सीधे धरमजयगढ़ के लिए रवाना होंगी। धरमजयगढ़ में जनजातीय कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगी। 15 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का रायगढ़ में कार्यक्रम है.भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन शामिल होंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर चल रही तैयारी के मद्देनजर भाजपा प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगी। साथ ही कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक बैठक भी लेंगी.स्मृति ईरानी विभिन्न संगठन और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक करेंगी, जिसमें 15 नवंबर से ही शुरू हो रहे धान की खरीदी को लेकर भी चर्चा होगी। भारतीय जनता पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार स्मृति ईरानी आज ही वापस लौट जाएंगी।

दीपावली पर जुआ खेलते 9 आरोपी गिरफ्तार, 11,100 रुपये नकद जब्त

राजनांदगांव, (आरएनएस)। दीपावली पर्व के दौरान जुआ खेलने वालों के खिलाफ पुलिस चौकी चिचोला ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश की 52 पत्तियां और कुल 11 हजार 100 रुपये नकद जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफछत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ केसरीनंदन नायक के मार्गदर्शन में दीपावली के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

आरटीई प्रवेश नियमों में बड़ा बदलाव, अब दूरी की बाध्यता खत्म, खाली सीटों पर दूसरे क्षेत्रों के बच्चों को भी मिलेगा दाखिला

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया को लेकर राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब स्कूल से निर्धारित दूरी को प्रवेश के लिए अनिवार्य पात्रता की शर्त नहीं माना जाएगा, बल्कि इसे प्राथमिकता का आधार बनाया जाएगा। इस फैसले से कमजोर एवं वंचित वर्ग के अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा।

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी नए निर्देशों के अनुसार, आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। विभाग ने नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही धारा 12(2) के तहत निजी स्कूलों को प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया आसान बनाने पर भी जोर दिया है।

महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश ने रायपुर स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा एवं क्राउड मैनेजमेंट व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायपुर, (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल द्वारा दीपावली के बाद अपने घरों एवं कार्यस्थलों पर लौटने वाले यात्रियों तथा आगामी छठ पूजा पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर विशेष तैयारियां की गई हैं। यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष ट्रेनों के संचालन, होल्डिंग एरिया, भीड़ प्रबंधन, खानपान, टिकटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 10 नवम्बर 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने रायपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं, विशेष क्राउड मैनेजमेंट प्लान, होल्डिंग एरिया, सुरक्षा एवं संरक्षा संबंधी इंतजामों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए लगभग 4200 वर्गफीट क्षेत्र में होल्डिंग एरिया तैयार किया गया है। इसमें लगभग 400 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त रोशनी, पेयजल एवं खानपान की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। होल्डिंग एरिया में यात्रियों को मात्र 15 एवं 20 रुपये में किफायती भोजन तथा 14 रुपये में रेल नीर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नि:शुल्क पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध है।महाप्रबंधक ने होल्डिंग एरिया में यात्रियों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया।यात्रियों को बिना अनावश्यक कतार में लगे आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायपुर स्टेशन पर टिकटिंग सुविधाओं को बेहतर बनाया गया है। स्टेशन पर 20 एटीवीएम के माध्यम से टिकट प्राप्त करने की सुविधा के साथ टिकट काउंटरों की संख्या में वृद्धि तथा मोबाइल टिकटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

छठ पूजा पर रेलवे की सौगात, बिलासपुर-छपरा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, 14 स्टेशनों पर होगा ठहराव



बिलासपुर,(आरएनएस)। दीपावली और छठ पूजा के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों को राहत देने के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। बिलासपुर और छपरा के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में दो-दो फेरे लगाएगी। इसके अलावा चलपल्ली और बरौनी के बीच भी पूजा स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

बिलासपुर-छपरा स्पेशल ट्रेन के संचालन से छत्तीसगढ़ से बिहार जाने वाले यात्रियों को छठ पूजा के दौरान अतिरिक्त यात्रा सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

14 और 21 नवंबर को बिलासपुर से होगी रवाना

रेलवे द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, ट्रेन नंबर 08255 बिलासपुर-छपरा पूजा स्पेशल बिलासपुर से 14 नवंबर और 21 नवंबर को रवाना होगी। वहीं, वापसी में ट्रेन नंबर 08256 छपरा-बिलासपुर पूजा स्पेशल 15 नवंबर और 22 नवंबर को छपरा से प्रस्थान करेगी। दोनों दिशाओं में इस ट्रेन के दो-दो फेरे निर्धारित किए गए हैं।

जानिए ट्रेन की टाइमिंग

ट्रेन नंबर 08255 बिलासपुर से शाम 6 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 2:40 बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 08256 छपरा से शाम 5:25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 3 बजे बिलासपुर पहुंचेगी।

इन 14 स्टेशनों पर होगा ठहराव

बिलासपुर-छपरा पूजा स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 14 स्टेशनों पर रुकेगी। इनमें शामिल हैं:

पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल
उमरिया, कटनी, मैहर, सतना
मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी
जौनपुर, औड़िहार ,गाजीपुर सिटी, बलिया

इन स्टेशनों के यात्रियों को भी त्योहारी सीजन में बिहार और अन्य क्षेत्रों की यात्रा के लिए अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

21 कोच के साथ चलेगी ट्रेन

रेलवे के अनुसार, पूजा स्पेशल ट्रेन में कुल 21 कोच लगाए जाएंगे। इनमें 1 पावरकार, 1 एसएलआरडी, 4 जनरल, 7 स्लीपर, 4 एसी-३, 2 एसी-२ और 2 एसी-III 3 इकोनॉमी कोच शामिल होंगे। चलपल्ली-बरौनी के बीच भी स्पेशल ट्रेन

रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए चलपल्ली और बरौनी के बीच भी पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। ट्रेन नंबर 07561 चलपल्ली-बरौनी पूजा स्पेशल 13 नवंबर को चलपल्ली से रवाना होगी। वहीं, वापसी में ट्रेन नंबर 07562 बरौनी-चलपल्ली पूजा स्पेशल 15 नवंबर को बरौनी से चलेगी। इस ट्रेन के दोनों दिशाओं में एक-एक फेरे निर्धारित किए गए हैं।त्योहारी सीजन में रेलवे की इन विशेष ट्रेनों से बिहार जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेगा और नियमित ट्रेनों में भीड़ का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। यात्रियों को यात्रा से पहले रेलवे के आधिकारिक पूछताछ माध्यम से समय-सारणी और सीटों की उपलब्धता की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा: 8 कारों से लोड भारी भरकम कंटेनर 30 फीट नीचे गिरा, चालक घायल

कोरबा, (आरएनएस)। जिले में नेशनल हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। मोरगा चैकी क्षेत्र के बड़े मदनपुर घाट पर 8 नई कारों से लोड एक भारी-भरकम कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 30 फीट नीचे जा गिरा। हादसे में कंटेनर वाहन समेत उसमें लोड सभी 8 नई कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं दुर्घटना में चालक को चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

पटाखा मांगने पर इंकार: नाबालिग ने अधेड़ पर टांगी से हमला कर किया हत्या, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा,(आरएनएस)। कोरबा जिले में पटाखा मांगने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। बांगो थाना क्षेत्र के कटमोरगा मड़ाई गांव में पटाखा देने से इनकार करने पर एक नाबालिग ने ग्रामीण पर डंडे और टांगी से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

मामूली बात पर हत्या की ये वारदात बांगो थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक घटना 8 नवंबर की है। बोधराम गांव की राशन दुकान से पटाखे और राशन का सामान खरीदकर अपने घर लौट रहा था।। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही एक नाबालिग ने उनसे फोड़ने के लिए पटाखा मांगा। बोधराम ने पटाखा देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। पुलिस के अनुसार, विवाद बढ़ने पर नाबालिग ने डंडे तथा टांगी से बोधराम पर हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

खेल समाचार

साल 2027 में तय किया जाएगा पैरालंपिक गेम्स के लिए खेल कार्यक्रम

बर्लिन (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अप्रैल 2027 में 2032 खेलों के लिए खेल कार्यक्रम को अंतिम रूप देने जा रही है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के गवर्निंग बोर्ड ने ब्रिसबेन 2032 पैरालंपिक गेम्स के खेल कार्यक्रम को 2027 में तय करने का फैसला किया है। पहले यह उम्मीद थी कि इसे 2026 के अंत तक तय कर लिया जाएगा। पैरालंपिक गेम्स के खेल कार्यक्रम को तय करने की प्रक्रिया, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की खेल कार्यक्रम प्रक्रिया से अलग है। हालांकि, ओलंपिक खेल कार्यक्रम और उससे जुड़े वेन्यू मास्टरप्लान का असर उन कारकों पर पड़ सकता है, जिन पर आईपीसी गवर्निंग बोर्ड पैरालंपिक खेल कार्यक्रम के बारे में फैसला लेते समय विचार कर सकता है - जैसे कि लागत, जटिलता और आयोजन समिति पर पड़ने वाला प्रभाव, लेकिन आईपीसी गवर्निंग बोर्ड अपना फैसला 2027 के दौरान ही लेगा।

यह फैसला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की हालिया घोषणा के बाद आया है, जिसमें एक संशोधित समय-सीमा तय की गई है। आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने अप्रैल 2027 में ब्रिसबेन 2032 ओलंपिक खेल कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए इस समय-सीमा को मंजूरी दी है।


आईपीसी ने 2025 के अंत में ब्रिसबेन 2032 पैरालंपिक खेल कार्यक्रम की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय महासंघों और मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय महासंघों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

अंडर-19 एशिया कप : आर्यवीर ने दिखाए पिता वीरेंद्र सहवाग वाले तेवर, यूएई के खिलाफ 24 बाउंड्री के साथ जड़े 160 रन

अल अमीरात (आरएनएस)। आर्यवीर सहवाग ने अंडर-19 एशिया कप 2026 में मंगलवार को यूएई के खिलाफ विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने पिता वीरेंद्र सहवाग के अंदाज ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 168 गेंदों में 7 छक्कों और 17 चौकों के साथ 160 रन कूटे। अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड (मिनिस्ट्री टर्फ 2) में जारी इस मुकाबले में भारत ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी चुनी। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के साथ आर्यवीर बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे। इस जोड़ी के बीच 83 गेंदों में 62 रन की साझेदारी हुई। लक्ष्य रायचंदानी 32 गेंदों में 2 चौकों के साथ 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद आर्यवीर ने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 183 गेंदों में 193 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 255 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

टीम को आर्यवीर सहवाग के रूप में दूसरा झटका लगा, जिन्होंने 168 गेंदों में 7 छक्कों और 17 चौकों के साथ 160 रन की पारी खेली, जबकि वीके विनीत ने 69 गेंदों में 67 रन बनाए। उनकी इस पारी में 3 छक्के और इतने ही चौके शामिल रहे।यूएई की तरफ से नसीम खान ने 10 ओवरों में 48 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जबकि हिदायतुल्लाह खान, नूरुल्लाह अयोबी और कप्तान अयान मिस्बाह ने 1-1 विकेट हासिल किया।इससे पहले, टूर्नामेंट में आर्यवीर सहवाग ने नेपाल के विरुद्ध 52 गेंदों में 4 छक्कों और 7 चौकों के साथ 70 रन की नाबाद पारी खेलते हुए भारत को 10 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उस मुकाबले में कप्तान लक्ष्य (नाबाद 53) ने उनका बखूबी साथ दिया। इसके बाद आर्यवीर ने पाकिस्तान के विरुद्ध 40 गेंदों में 22 रन की पारी खेली थी। हालांकि, उस मुकाबले को भारत ने गंवा दिया।

क्या वर्ल्ड कप से पहले शादी के बंधन में बंधेंगे शुभमन गिल? रोहित शर्मा ने कर दिया ऐलान



मुंबई (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा इन दिनों क्रिकेट मैदान के साथ-साथ मनोरंजन की दुनिया में भी खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनके नए टॉक शो 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। शो के ताजा एपिसोड में स्टैंडअप कॉमेडियन्स और लोकप्रिय बिजनेस रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' के जजों की महफिल जमी, जहां हंसी-मजाक के दौरान युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की शादी को लेकर ऐसा किस्सा छिड़ा कि खुद रोहित शर्मा ने 2027 का वनडे वर्ल्ड कप जीतने के लिए गिल की शादी कराने तक का मजेदार एलान कर दिया। रोहित की इस हाजिरजवाबी और मस्ती भरे अंदाज का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।शो के दौरान स्टैंडअप कॉमेडियन आकाश गुप्ता ने 'शादी डॉट कॉम' के संस्थापक और शार्क टैंक जज अनुपम मित्तल से एक दिलचस्प और मजाकिया थ्योरी साझा की। आकाश ने कहा कि क्रिकेट इतिहास का एक अनोखा ट्रेंड रहा है कि जब-जब किसी कप्तान या टीम के अहम खिलाड़ी की शादी हुई, उसी के आसपास वर्ल्ड कप ट्रॉफी घर आई। उन्होंने तर्क देते हुए याद दिलाया कि 2002 में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग की शादी हुई और 2003 में ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप अपने नाम किया; ठीक इसी तरह 2010 में महेंद्र सिंह धोनी परिणय सूत्र में बंधे और 2011 में भारत ने ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीता। इस पर अनुपम मित्तल ने चुटकी लेते हुए पूछा कि आखिर इसका मौजूदा परिदृश्य से क्या लेना-देना है।

हॉकी इंडिया ने विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की कप्तानी में टीम घोषित की

नई दिल्ली (आरएनएस)। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सलीमा टेटे की कप्तानी में विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। टूर्नामेंट का आयोजन 19 से 28 नवंबर तक भोपाल के नाथू बरखेड़ा में नए बने इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। मिडफील्डर सलीमा टेटे पिछले महीने जापान में एशियन गेम्स में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीतने के बाद अपना पहला इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेलने वाली भारतीय टीम की कप्तान होंगी। वरिष्ठ गोलकीपर सविता पुनिया, जिन्होंने 2026 एशियन गेम्स में भारत की कप्तानी की थी और भारत को ऐतिहासिक गोल्ड मेडल दिलाया था, टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनकी जगह बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारिबाम गोलकीपिंग करेंगी।

मेजबान टीम इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन और तीन बार की विजेता के तौर पर उतरेगी, जिसने 2016, 2023 और 2024 में खिताब जीता है। भारत का मकसद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना और एशियन गेम्स में मिली सफलता से मिले आत्मविश्वास को बनाए रखते हुए टाइटल्स की हैट्रिक पूरी करना होगा। टूर्नामेंट में भारत के अलावा चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और साउथ कोरिया शामिल होंगे। इंडिया की तरह, साउथ कोरिया ने भी विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी तीन बार जीती है। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में होगा, जिसमें हर टीम दूसरी पांच टीमों से एक बार खेलेगी।

संजू सैमसन : टी20 विश्व कप 2026 में खत्म हुई पिछले 11 साल की तलाश



नई दिल्ली, (आरएनएस)। संजू सैमसन भारतीय क्रिकेट के मौजूदा दौर के सर्वाधिक लोकप्रिय नाम हैं। सैमसन ने अपनी दमदार बल्लेबाजी से न सिर्फ भारत में बल्कि पूरी दुनिया में अपना बड़ा फैन बेस बनाया है जिसकी हालिया झलक हमें न्यूजीलैंड दौर पर टी20 सीरीज के दौरान मिली। बुधवार को 32 साल के हो रहे विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन का करियर बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने मौजूदा सफलता और लोकप्रिया के लिए संघर्ष का एक लंबा दौर देखा है। सैमसन का जन्म 11 नवंबर, 1994 को, पुल्लुविला, विझिंजम, त्रिवेंद्रम (अब तिरुवनंतपुरम) में हुआ था। उनके जीवन के शुरुआती कुछ वर्ष दिल्ली में बीते। दिल्ली में ही उन्होंने क्रिकेट को समझा और सीखा। सैमसन बचपन से ही बेहद प्रतिभाशाली थे। उनकी टाइमिंग और शॉट्स ने उनके पिता को बेहद प्रभावित किया और उन्हें अपने बेटे में एक बड़ा क्रिकेटर दिखा। सैमसन के पिता ने दिल्ली छोड़कर केरल का रुख किया।

विकेटकीपर और दाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज सैमसन ने केरल में स्थानीय स्तर पर क्रिकेट खेलना शुरू किया। 2011 में अक्टूबर में उन्होंने केरल की तरफ से टी20 में और इसी साल नवंबर में प्रथम श्रेणी में डेब्यू किया। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन की वजह से उन्हें आईपीएल 2013 में राजस्थान रॉयल्स ने साइन किया। उस सीजन उन्होंने 11 मैचों में 206 रन बनाए। 2015 तक वह राजस्थान का हिस्सा रहे और हर साल अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। सैमसन के शॉट्स और टाइमिंग और छक्के लगाने की क्षमता देख उन्हें भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा सितारा माना गया।


सैमसन को आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का इनाम बीसीसीआई ने 2015 में दिया, जब उन्हें भारतीय टीम में जिम्बाब्वे दौरे के लिए शामिल किया गया। सैमसन ने 19 जुलाई 2015 को जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। लेकिन इसके बाद का दौर सैमसन के लिए बेहद मुश्किल भरा रहा। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन और असाधारण बल्लेबाजी क्षमता के बावजूद वह भारतीय टीम से लगातार अंदर-बाहर होते रहे। साल-दर-साल बीतते गए। ईशान, पंत, हार्दिक और गिल जैसे जूनियर क्रिकेटर भारतीय टीम का बड़ा चेहरा बन गए, लेकिन सैमसन अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करते रहे।

सूर्यकुमार यादव के टी20 विश्व कप 2024 के बाद इस फॉर्मेट में भारतीय टीम का कप्तान बनने के बाद सैमसन की टी20 टीम में जगह बनी। सैमसन ने इसका फायदा उठाया और बतौर ओपनर तीन शतक लगाते हुए टी20 में अपनी जगह पक्की की।

अर्शदीप सिंह ने गर्लफ्रेंड समरीन कौर से की सगाई, शेयर की रोमांटिक तस्वीरें



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी गर्लफ्रेंड समरीन कौर के साथ जिंदगी की नई पारी शुरू करने का फैसला किया है। अर्शदीप ने न्यूजीलैंड में समरीन को प्रपोज किया और दोनों ने 11 नवंबर 2026 को सगाई कर ली। समरीन ने सोशल मीडिया पर इस खास पल की तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें अर्शदीप की ओर से दी गई सगाई की अंगूठी भी दिखाई दे रही है। समरीन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, जिंदगी हमें जो कुछ भी दे सकती थी, उसमें सबसे खूबसूरत तोहफा एक-दूसरे का साथ मिलना था। अब पूरी जिंदगी साथ बिताने के लिए। 11.11.2026 (हाय, मंगेतर)। उनकी इस पोस्ट को महज 15 मिनट के भीतर एक लाख से अधिक लाइक्स मिल गए। अर्शदीप के साथी क्रिकेटर गुरनूर बराड़ और नमन धीर ने भी इस खास मौके पर दोनों को बधाई दी। अर्शदीप की सगाई की खबर ऐसे समय सामने आई है, जब उनके आईपीएल करियर में भी बड़ा बदलाव हुआ है। बुधवार को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या से जुड़े ट्रेड की आधिकारिक पुष्टि हुई। इसके बाद अर्शदीप के मुंबई इंडियंस से जुड़ने की खबर भी चर्चा में रही।फिलहाल अर्शदीप भारतीय टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर हैं। मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाने वाला तीसरा वनडे मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। वह टेस्ट सीरीज के लिए भी टीम इंडिया के साथ रहेंगे। बताया जा रहा है कि समरीन कौर भी उनके साथ न्यूजीलैंड पहुंची हैं। अर्शदीप का परिवार भी इस खास मौके पर उनके साथ मौजूद है।



प्राचीन बलदाऊजी मंदिर में लगाया 56 भोग भक्ति भाव से मना अन्नकूट उत्सव

नर्मदापुरम (निप्र)। अन्य कूट उत्सव के अवसर पर नर्मदा तट के सेठानी घाट के समीप करीब 300 वर्ष प्राचीन बलदाऊजी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भ्राता बलरामजी और भगवान श्री कृष्ण को 56 भोग लगाते हुए अन्नकूट उत्सव मनाया गया। बलदाऊ जी मंदिर के न्यासी कमल वल्लभ गोस्वामी, व्यवस्थापक दीपक वल्लभ गोस्वामी, यश वल्लभ गोस्वामी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक माह की एकम के अवसर पर बलदाऊ जी के भाई यशोदानंदन श्री कृष्ण की प्रमुख लीलाओं में से गोर्वधन पूजा की गई। मंदिर परिसर में गाय के गोबर से आकर्षक गोर्वधन गिरधारी का विग्रह बनाया गया। उसके बाद पूजन अर्चन कर अन्नकूट दर्शन के लिए पट खोले गए। श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचे। उल्लेखनीय है कि शहर में बलदाऊ जी श्रीकृष्ण दोनों भाईयों का यह एकमात्र मंदिर है। यह उत्सव नर्मदा तट के अनेक मंदिरों में मनाया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, 25 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 250 किलोग्राम लहान जब्त

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त पिपरिया के अंतर्गत ग्राम मटकुली, टेकापार एवं छीराई में दबिश देकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 10 स्थानों की तलाशी ली गई। इसमें 25 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 250 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर जब्त किया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये आंकी गई है। प्रकरण में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 4 प्रकरण कायम किए गए हैं।

कृषि उपज मंडी में तौल कांटे की पूजन अर्चन के साथ मुहूर्त की खरीदी शुरू

4920 के भाव मिले बासमती धान को, तेज बनी हुई है आवक





नर्मदापुरम (निप्र)। खरीदी के मुहुर्त पूजा के अवसर पर बुधवार को कृषि उपज मंडी में तौल कांटे की पूजन के बाद खरीदी के कारोबार का शुभारंभ हुआ। हर वर्ष दूज पूजा का मुहुर्त के साथ खरीदी शुरू होती है। उसी परंपरानुसार खरीदी पूजा के बाद पुन: कारोबार प्रारंभ किया गया है। पं सुनील भार्गव के द्वारा पूजन अर्चन कराई गई। इस मौके पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन अरूण शर्मा की विशेष उपस्थिति में मंडी सचिव हल्केवीर उइके और शहर के अनेक गल्ला व्यापारियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। मंडी सचिव ने बताया कि मुहुर्त पूजन के बाद से मंडी में खरीदी शुरू हो गई है। इसके साथ ही मुहूर्त के सौदे मंडी में हर दिन होंगे। गौरतलब है कि जिले में धान की बंपर पैदावार के कारण मंडी में अच्छी आवक हो रही है। इस अवसर पर ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष चंपालाल राठौर, व्यापारी संघ के राम नवलानी, अजय खन्ना, बबलू राठौर, अमरसिंह राजपूत, हरि मीना, प्रमोद राठौर, राकेश कपिल मीना, मनीष साहू, गोलू राठौर, विक्रम सिंह राजपूत, व कृषि उपज मंडी के निरीक्षक शरद इरपाचे, संदीप मालवीय उपनिरीक्षक अरूण वर्मा, मंडी निरीक्षक राजेश तिवारी, अखिलेश शर्मा, वेयरहाउस संचालक, हम्माल ने तौलकांटो का पूजन कर किसानों द्वारा लाई गई उपज की खरीदी शुरू की। नर्मदांचल विपणन संघ के जितेंद्र सिंह ने अपने कार्यालय व संस्थान में शाम के समय तौल कांटे की पूजन की।

मुहूर्त पूजा से खरीदी शुरू 4920 के भाव बिकी धान

कृषि प्रधान जिले में सैंकडों की संख्या में अनाज व्यापारी हैं। सभी मंडियों में धान की आवक तेज हो गई है। मुख्यालय की मंडी में मुहुर्त पूजन के बाद किसान थानसिंह का फूल माला पहना का स्वागत किया गया। ग्राम गौरा के किसान थानसिंह की धान किस्म 1718 की उच्चतम बोली 4920 रूपये के भाव बिकी। गुरूनानक ट्रेडिंग कंपनी के द्वारा खरीदी गई।

महानगरों में धान की डिमांड बढ़ी

जिले के व्यापारी लाखों क्विंटल अनाज खरीद कर महानगरों से लेकर अन्य प्रदेशों में बड़ी बड़ी कंपनी मिलर तक पहुंचाते हैं। बासमती चावल की खेप तो विदेशों तक जाती है। हर वर्ष अनाज का करोड़ों का कारोबार होता है। जिले में तीन फसलें ली जाती हैं तीनों सीजन में व्यापारी किसानों से खरीदी करते हैं। शासकीय समर्थन मूल्य के अतिरिक्त कई किसान सीधे व्यापारियों को भी अपना अनाज बेचते हैं। जिले में चार बड़ी मंडी के अलावा 4 छोटी उप कृषि उपज मंडी में सैंकड़ो की संख्या में व्यापारियों ने पंजीयन कराते हुए लायसेंस प्राप्त किए हैं। कई व्यापारी मंडी के अतिरिक्ति बाजार में अपनी दुकान लगाकर खुल्ले में खरीदी करते हैं। मुहूर्त पूजन के बाद अब किसान भी अपनी उपज लेकर व्यापारियों के पास पहुंच रहे हैं।

किसानों से सीधा संपर्क

पुराने अनाज व्यापारियों का किसानों से सीधा संपर्क है। एक दूसरे को पहचानते हैं। इस आधार पर भी कई किसान अपने परिचित व्यापारी को अपना अनाज नगद में बेच देते हैं। ''प्राचीन परंपरा के अनुसार कार्तिक शुक्ल दूज के अवसर पर खरीदी के मुहुर्त की पूजा की जाती है। हम सभी व्यापारियों ने दूज पर अपने-अपने प्रतिस्ठान में भी तौल कांटे की पूजन कर खरीदी की शुरूआत की है। इन दिनों बासमती धानकी आवक अच्छी है। भाव भी तेज हैं।

अजय खन्ना, वरिष्ठ
अनाज व्यापारी नर्मदापुरम इटारसी।

हर्षोल्लास से मना दूज का त्योहार, खिलाए व्यंजन दिए उपहार



बहन ने भाई को लगाया टीका दिया आशीर्वाद, स्नेह के साथ मना भाई दूज का पर्व


नर्मदापुरम (निप्र)। पांच दिवसीय दीप पर्व के पांचवे दिन भाई दूज का त्योहार बुधवार को स्नेह और आत्मीयता के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। हिन्दु धर्म में हर त्योहार पर भाई और बहन के स्नेह का पर्व उमंग के साथ मनाया जाता है। भाई दूज के अवसर पर बहन के घर भाई पहुंचे। बहन ने स्वागत करने के साथ ही तिलक लगाकर व्यंजन खिलाते हुए शुभाशीष दिया। दीपावली हो या होली उसके दो दिन बाद आने वाली दूज को भाई दूज के रूप में स्नेह पूर्वक मनाया जाता है। भाई दूज के अवसर पर भाईयों ने अपनी बहन के घर जाकर उसे उपहार प्रदान किया। वहीं बहनों ने भी अपने भाई को भोजन और पकवान खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। भाईओं ने बहनों से आशीर्वाद लिया। भाईओं ने अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लिया। इस तरह भाई बहन के इस पवित्र पर्व के अवसर पर घरों-घर रौनक बनी रही। भाई दूज के मौके पर सुबह से ही घर-घर में तैयारी हो रही थी। कई घरों में खीर पुरी बनाकर भाई की खातिरदारी की जा रही थी। विशेष कर छोटे बच्चों में दूज को लेकर अच्छा खासा उत्साह बना रहा। बाजार में उपहार तथा मिठाई की अच्छी खासी बिक्री हुई। प्राय: हर घर में खीर बनने के चलते दूध की भी खूब खपत हुई।

अनेक समाज में कुलदेवी व देवता की हुई पूजा

दूज के अवसर पर अनेक समाज के लोगों ने अपने कुल देवता दूल्हा देव या कुल देवी की पूजन अर्चन की। दीपावली के अवसर पर अवकाश रहने से कई लोग अपने घरों में आते हैं। इसके बाद फिर वे अपने कार्य स्थल की ओर लौट जाते हैं। इस कारण भी वे अपने कुल देवता व कुलदेवी की पूजन करके ही रवाना होते हैं। दीपावली के बाद की दूज के अवसर पर अनेक समाजों में दूज के दिन कुल देवी देवता की पूजन की परंपरा चली आ रही है।

किसान कांग्रेस ने रीवा सांसद का पुतला दहन किया

सतरस्ते पर एकत्रित हुए कांग्रेसी



नर्मदापुरम (निप्र)। रीवा के सांसद जनार्दन मिश्रा के द्वारा किसानों के लिए दिए गए विवादित बयान से खिन्न होकर नगर कांग्रेस के नेतृत्व में सतरस्ता पर नारेबाजी करते हुए सांसद का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष तोमर ने सांसद के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सांसद जनार्दन मिश्रा को किसानों से माफी मांगना चाहिए। इस तरह के अनर्गल बयानबाजी से बाज आना चाहिए। इस आंदोलन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष पवन थापक, गौरीशंकर यादव,महामंत्री शेख पप्पू, वरिष्ठ कांग्रेसी अनोखेलाल राजोरिया, बबलू राठौर, युवा जिला महामंत्री सूरज तिवारी, नगर सेवादल अध्यक्ष सलीम खान, महिला सेवादल अध्यक्ष पुष्पलता जायसवाल, कुलदीप राठौर, प्रदीप साहू, पारस पचौरी, आजाद भाटिया, ओमप्रकाश बानिया, मोहन वैद्य, राहुल कुचबंदिया, कपिल यादव, महेंद्र गुजरे, राहुल शंकर, राहुल रावत सहित अनेक कांग्रेसी शामिल रहे।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पचमढ़ी में विकास कार्यों एवं पर्यटन सुविधाओं का किया निरीक्षण

महादेव मार्ग और धूपगढ़ सड़क का निर्माण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश, पार्क एवं नर्सरी को पचमढ़ी के पर्यटन सर्किट से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पचमढ़ी पहुंच कर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, पर्यटन स्थलों, उद्यानिकी विभाग के पार्क एवं नर्सरी तथा साडा द्वारा संचालित न्यू होटल का जायजा लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान से संबंधित भूमि, स्थलों की स्थिति एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पचमढ़ी क्षेत्र में संचालित सभी निर्माण कार्यों को गति देने के लिए अन्य संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) एवं सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महादेव मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क तथा धूपगढ़ तक बनाई जा रही सड़क का जायजा लिया। उन्होंने



संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों सड़कों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पार्क एवं नर्सरी को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश

कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के पार्क एवं नर्सरी का भ्रमण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और विकास की संभावनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क एवं नर्सरी को व्यवस्थित एवं आकर्षक रूप से विकसित किया जाए, ताकि इन्हें पचमढ़ी की पर्यटन गतिविधियों से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि इन स्थलों का बेहतर विकास होने से पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा और उन्हें प्राकृतिक वातावरण के बीच भ्रमण का एक अच्छा विकल्प उपलब्ध होगा।

न्यू होटल की व्यवस्थाएं अपग्रेड करने के निर्देश

कलेक्टर ने साडा द्वारा संचालित पचमढ़ी के न्यू होटल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने होटल में साफ-सफाई, आवश्यक सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होटल में ठहरने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं व्यवस्थित एवं पर्यटकों की सुविधाओं के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पचमढ़ी के राजेंद्र गिरि में साडा द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यों को भी निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

दांगी समाज संगठन ने की खाईखेड़ा से लापता लोगों को खोजने की मांग

सीहोर (निप्र)। दांगी समाज अध्यक्ष बाबूलाल दांगी के नेतृत्व में बुधवार को समाज जनों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। खाईखेड़ा से घरेलू सामान के साथ बीते दिनों लापता सुरेश दांगी राजेश दांगी ओमवती दांगी को तलाश ने की मांग को लेकर बाबूलाल दांगी के नेतृत्व में समाज जनों ने भोपाली फटाक से एसपी कार्यालय कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। सेमरा दांगी के समाजसेवी विनय सिंह दांगी ने पुलिस प्रशासन को लापता लोगों को तलाशने के लिए 24 घंटे का टाइम दिया जिसके बाद दांगी समाज धरना प्रदर्शन करेगा। आम आदमी पार्टी के नेता केपी सिंह बघेल ने भी घटना को चिंता जनक बताया उन्होंने कहा कि पुलिस को प्रस्तुति के साथ खोजबीन करना चाहिए। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने हाथों में लापता लोगों की फोटो रखकर एएसपी प्रशांत चौबे और डिप्टी कलेक्टर किरण सिंह को ज्ञापन दिया इस दौरान एसपी कार्यालय में सीहोर एसडीओपी प्रेम नारायण भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा लापता लोगों की लगातार खोजबीन की जा रही है जल्दी ही होने खोज लिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दांगी समाज के लोग शामिल रहे।

प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 दिसंबर को

नर्मदापुरम(निप्र)। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा 20 दिसंबर को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। मंडल के सचिव श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के संबंध में अलग से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

शादी के बाद नए घर में आ गए हैं? तो अब वोटर लिस्ट में भी अपना पता बदलवाएं

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश में विवाह के बाद यदि आपका निवास स्थान बदल गया है या आपका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो आपके पास अपना विवरण अपडेट करा सकते है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन तथा कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश में गुरुवार से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SSR - Special Summary Revision) शुरू किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की जा रही है, जिसके बाद नागरिक 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं। मतदाता (ECINET) एप की सहायता से ऑनलाईन भी आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष शिविर में आयोजित किये जा रहे हैं । इन शिविर में 18 वर्ष आयु वर्ग के युवा पहुंच कर मतदाता सूची में नाम जड़वा सकते हैं ।

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पिपरिया जिला नर्मदापुरम

प्ररूप-ख

(मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) नियम, 2013 के नियम 5 का उपनियम (2) देखिए)

रा.प्र.क्र./0015/अ-82/2025-26 नर्मदापुरम, दिनांक

अतएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से स्वचालित स्प्रिंकलर/ड्रिप प्रणाली से सिंचाई बावत् पानी परिवहन हेतु ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06 तहसील बनखेडी जिला नर्मदापुरम में कार्यपालन यंत्री रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर द्वारा भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

-: अनुसूची :-

जिला	तहसील	ग्राम/पटवारी हल्का क्रमांक	खसरा क्रमांक	उपयोग के अधिकार के लिये जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में)
01	02	03	04	05
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	77/1	0.031
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	77/2	0.029
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	79/1	0.010
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	79/2,79/6	0.023
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	79/4	0.018
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	70/1	0.038
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	103	0.007
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	104	0.020
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	99/1	0.018
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	114/1	0.006
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	113/1	0.045
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	112/1	0.028
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	121/1	0.007
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	122/1/1	0.025
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	123	0.023
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	124	0.004
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	178/2	0.047
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	178/3	0.040
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	179/1	0.016
नर्मदापुरम	बनखेडी	ग्राम सेमखेडा प.ह.नं. 06	180/1	0.018
कुल योग			20	0.453

जी/21286/26

(आकिप खान)
सक्षम प्राधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com